संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-356 सोमवार,28 अक्टूबर 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## देश की संक्षिप्त खबरें

### रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास को लगातार दूसरी बार बैंकर पुरस्कार



**मुंबई,27अक्टूबर 2024(ए)।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास को अमेरिका की पत्रिका 'ग्लोबल फाइनेंस' ने शीर्ष केंद्रीय बैंकर का दर्जा दिया है। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब उन्हें विश्व स्तर पर शीर्ष केंद्रीय बैंकर का दर्जा दिया गया है।आरबीआई ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, गवर्नर शक्तिकांत दास को लगातार दूसरे साल सेंट्रल बैंक रिपोर्ट कार्ड 2024 में 'ए प्लस' का पुरस्कार दिया गया है। 'ग्लोबल फाइनेंस' द्वारा आज अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में आयोजित एक कार्यक्रम में यह सम्मान दिया गया।

### जीतू पटवारी की नई टीम में सभी को साधने का दिखा डर



**भोपाल,27अक्टूबर 2024(ए)।** डर के साए में जीतू पटवारी ने अपनी जंबो टीम घोषित की हैं। इस कार्यकारिणी में 177 सदस्यों को स्थान दिया गया है। जिसमें 17 उपाध्यक्ष, 71 महासचिव, 16 कार्यकारिणी सदस्य, 33 स्थाई आमंत्रित सदस्य और 40 विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए गए हैं। वरिष्ठ नेताओं को टीम में कार्यकारी सदस्य बनाया गया है।

### कलेक्ट्रेट के सामने नायब तहसीलदार ने लगाई फांसी



**करौली,27अक्टूबर 2024(ए)।** यहां कलेक्ट्रेट के सामने स्थित पार्क में एक नायब तहसीलदार का शव फांसी पर लटका मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर सामान्य चिकित्सालय की मोर्चरी में भेज दिया। राजेंद्र ने अपनी बेटी के नाम पर एक लेटर छोड़ा है ।

# भारत-चीन सीमा विवाद नहीं सुलझा अभी तक

» जयशंकर बोले...चीन बॉर्डर पर तनाव कम करना अगला स्टेप...

» यह तभी संभव,जब भारत को यकीन हो जाए कि चीन भी यही चाह रहा...



**मुंबई,27 अक्टूबर 2024 (ए)।** भारत-चीन के बीच एलओसी पर पेट्रोलिंग को लेकर हुए समझौते पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि सैनिकों की वापसी पहला कदम है। अगला कदम तनाव कम करना है।मुंबई में रविवार को विदेश मंत्री ने कहा- दोनों देशों के बीच तनाव तभी कम होगा, जब भारत को यकीन न हो जाए कि चीन भी ऐसा ही चाह रहा है। तनाव कम करने के बाद, बॉर्डर को कैसे मैनेज किया जाए, इस पर चर्चा की जाएगी।जयशंकर ने भारत-चीन विवाद के अलावा 26/11 मुंबई अटैक पर भी बात की। जयशंकर ने कहा- उस वक्त भारत ने कोई जवाब नहीं दिया था। जब हम आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की बात करते हैं, तो यह स्पष्ट है कि जब कोई कुछ करता है, तो उसका जवाब दिया जाएगा। एक दिन पहले शनिवार को पुणे में एक कार्यक्रम में जयशंकर ने कहा था कि भारत सरकार का अपनी बात पर अड़े रहना काम कर गया। आज हम जिस मुकाम पर पहुंचे हैं, उसके दो कारण हैं। **पहला-** हम अपनी बात से पीछे नहीं हटे, यह केवल इसलिए संभव हो सका क्योंकि सेना देश की रक्षा के लिए हर मौके पर डटी रही और कूटनीति ने अपना काम किया।

**दूसरा-** पिछले एक दशक में हमने अपने बुनियादी ढांचे में भी सुधार किया है। जयशंकर ने कहा- मुझे लगता है कि इन दो कारणों के चलते भारत-चीन सीमा विवाद पर पेट्रोलिंग का मुद्दा हल हो सका है।

### जयशंकर ने ऐसा क्यों कहा.....

दरअसल, भारत-चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में चार साल से सीमा विवाद को लेकर तनाव था। दो साल की लंबी बातचीत के बाद पिछले दिनों एक समझौता हुआ है। दोनों सेनाएं विवादित पॉइंट्स देपसांग और डेमचोक से पीछे हटेंगी।

**18 अक्टूबर:** देपसांग और डेमचोक से पीछे हटने की जानकारी सामने आई थी। इसमें बताया गया था कि यहां से दोनों सेनाएं अप्रैल 2020 से पहली की स्थिति में वापस लौटेंगी। साथ ही उन्हीं क्षेत्रों में गश्त करेंगी, जहां अप्रैल 2020 से पहले किया करती थीं। इसके अलावा कमांडर लेवल मीटिंग होती रहेगी

2020 में भारत-चीन के सैनिकों के बीच गलवान झड़प के बाद से देपसांग और डेमचोक में तनाव बना हुआ था। करीब 4 साल बाद 21 अक्टूबर को दोनों देशों के बीच नया पेट्रोलिंग समझौता हुआ। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया था कि इसका मकसद लद्दाख में गलवान जैसी झड़प रोकना और पहले जैसे हालात बनाना है।

**25 अक्टूबर:** भारत और चीन की सेनाएं शुक्रवार, 25 अक्टूबर से पूर्वी लद्दाख सीमा से पीछे हटना शुरू हो गई हैं। पूर्वी लद्दाख के डेमचोक और देपसांग पॉइंट में दोनों सेनाओं ने अपने अस्थायी टेंट और शेड हटा लिए हैं। गाड़ियां और मिलिट्री उपकरण भी पीछे ले जाए जा रहे हैं।आर्मी के सूत्रों के मुताबिक 28 और 29 अक्टूबर तक दोनों देश देपसांग और डेमचोक से अपनी- अपनी सेनाएं पूरी तरह हटा लेंगे। पेट्रोलिंग के लिए सीमित सैनिकों की संख्या तय की गई है। ये संख्या कितनी है, इसकी अभी जानकारी सामने नहीं आई है।

### गलवान घाटी-गोगरा हॉट स्प्रिंग्स पर पेट्रोलिंग पर अभी फैसला नहीं

समझौते में लद्दाख के देपसांग के तहत आने वाले 4 पॉइंट्स को लेकर सहमति बन गई है, लेकिन डेमचोक के गलवान घाटी और गोगरा हॉट स्प्रिंग्स में गश्त को लेकर कुछ नहीं कहा गया है।

देपसांग:भारतीय सेना के मुताबिक, सैनिक अब गश्त के लिए देपसांग में पेट्रोलिंग पॉइंट 10, 11, 11ए, 12 और 13 तक जा सकेंगे।

डेमचोक: पेट्रोलिंग पॉइंट-14 यानी गलवान घाटी, गोगरा हॉट स्प्रिंग्स यानी पीपी-15 और पीपी-17 बफर जोन हैं। रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि यहां पर गश्त को लेकर बाद में विचार होगा। बफर जोन यानी ऐसा इलाका जहां दोनों सेनाएं एक-दूसरे के आमने-सामने नहीं आ सकतीं। ये जोन विपक्षी सेनाओं को अलग करते हैं।

# इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने बताया कि किस दिन लॉन्च होगा गगनयान

» पहली बार पृथ्वी की कक्षा में प्रवेश करेंगे भारतीय अंतरिक्ष यात्री




**नई दिल्ली,27अक्टूबर 2024 (ए)।** इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) प्रमुख एस सोमनाथ ने देश के आगामी अंतरिक्ष मिशनों के लिए लक्ष्यित तारीखों और उनके महत्व पर प्रकाश डाला है। उन्होंने आकाशवाणी के सरदार पटेल मेमोरियल लेक्चर में भाग लेते हुए बताया कि इसरो 2026 में अपना पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन गगनयान लॉन्च करेगा। इस मिशन के तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्री पहली बार पृथ्वी की कक्षा में प्रवेश करेंगे, जो भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा।

### चंद्रयान-5 मिशन जापान के साथ साझेदारी में होगा

इसरो प्रमुख ने कहा कि चंद्रयान-5 मिशन को जापान की अंतरिक्ष एजेंसी के सहयोग से विकसित किया जाएगा। इस मिशन में 350 किलो का एक विशाल रोवर चांद की सतह पर भेजा जाएगा, जिसे जापान द्वारा निर्मित किया जाएगा। इससे पहले चंद्रयान-3 मिशन में भेजा गया रोवर मात्र 27 किलो का था, जो इस नए मिशन की व्यापकता को दर्शाता है। चंद्रयान-4, जो चंद्रमा से सैंपल लेकर वापस लाएगा, को 2028 में लॉन्च किया जाने का लक्ष्य है। इसके साथ ही चंद्रयान-5 मिशन की लॉन्चिंग 2028 के बाद की जा सकती है।

### भारत-अमेरिका का संयुक्त मिशन अगले साल होगा लॉन्च

इसरो प्रमुख के अनुसार, भारत और अमेरिका के संयुक्त पृथ्वी निगरानी मिशन इसरो को साल 2025 में लॉन्च करने की योजना है। इस मिशन से पृथ्वी की जलवायु, भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं का अध्ययन करने में मदद मिलेगी, जिससे पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।


### 2040 तक चांद पर मानव मिशन भेजने का लक्ष्य

इसरो प्रमुख ने भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र को और अधिक विस्तार देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी की योजना 2040 तक चंद्रमा पर मानव मिशन भेजने की है, जो भारत को वैश्विक अंतरिक्ष दौड़ में एक मजबूत स्थिति प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में इसरो का वैश्विक अंतरिक्ष उद्योग में योगदान मात्र 2 प्रतिशत है, जिसे इस दशक के अंत तक 10 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी को सक्षम बनाने और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए नई नीतियों की आवश्यकता होगी।

### अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी कंपनियों की बढ़ती रुचि

इसरो प्रमुख ने कहा कि कई बड़े और छोटे उद्योग अंतरिक्ष क्षेत्र में निवेश करने में रुचि दिखा रहे हैं। इसरो द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों को अब निजी उद्योग द्वारा भी संचालित किया जा रहा है, जिससे देश में अंतरिक्ष तकनीक का तेजी से विस्तार हो रहा है। नई नीतियों और साझेदारियों के साथ, इसरो आने वाले वर्षों में अपनी अंतरिक्ष यात्रा को और भी दूर तक ले जाने के लिए तैयार है।

## पूर्व सीएम के रिश्तेदार के फार्म हाउस पर चल रही थी ड्रग्स पार्टी



» 14 लड़कियों समेत हिरासत में लिए गए 30 लोग...

**हैदराबाद, 27अक्टूबर 2024 (ए)।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में पुलिस ने एक फार्महाउस पर चल रही ड्रग्स पार्टी का पर्दाफाश किया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह फार्महाउस बीआरएस (तेलंगाना राष्ट्र समिति) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव के साले राज पाकाला का है। केटी रामाराव तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के बेटे बीआरएस नेता के. कविता के भाई हैं। साइबराबाद की स्पेशल ऑपरेशन टीम ने शनिवार रात जनवाड़ा में इस फार्महाउस पर छापा मारा।साइबराबाद पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस छापेमारी में 14 लड़कियों समेत 30 लोगों को पकड़ा गया, जिनके ड्रग्स टेस्ट कराए गए। इनमें से एक व्यक्ति का टेस्ट पॉजिटिव पाया गया है। पुलिस को फार्महाउस में ड्रग्स सप्लाई के बारे में गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान अधिकारियों को भारी मात्रा में विदेशी शराब भी बरामद हुई।

## केंद्र सरकार का बड़ा कदम



» हेलमेट बनाने वाली 162 कंपनियों के लाइसेंस रद्द...


**नई दिल्ली,27अक्टूबर 2024(ए)।** सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने एक विशेष अभियान की शुरुआत की है, जिसमें टू-व्हीलर्स के लिए हेलमेट के मानकों को सख्त किया गया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को जानकारी दी कि अब तक 162 हेलमेट निर्माताओं के लाइसेंस रद्द किए जा चुके हैं, जो भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के नियमों का पालन नहीं कर रहे थे।सरकारी अधिकारियों ने इस कार्रवाई को सड़क सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया है, खासकर बाजार में घटिया सुरक्षात्मक उपकरणों की बढ़ती संख्या को देखते हुए। मंत्रालय के सचिव निधि खरे ने कहा, हेलमेट जीवन बचाते हैं, लेकिन केवल तब जब उनकी गुणवत्ता उच्च हो।जून 2021 में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा लागू किए गए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश के तहत, सभी हेलमेट के लिए बीआईएस प्रमाणन अनिवार्य कर दिया गया है। इस आदेश के तहत, अधिकारियों ने हाल ही में 27 छापे भी मारे हैं, जिनमें बिना प्रमाणिकता वाले हेलमेट बेचने वाले विक्रेताओं को विशेष रूप से निशाना बनाया गया है।उपभोक्ता अब बीआईएस केयर ऐप या वेबसाइट के माध्यम से हेलमेट निर्माताओं की साख की जांच कर सकते हैं। जिला अधिकारियों को पुलिस और बीआईएस अधिकारियों के साथ मिलकर उल्लंघनों की पहचान करने का निर्देश दिया गया है। मंत्रालय ने बताया कि यह अभियान मौजूदा सड़क सुरक्षा पहलों के साथ एकीकृत किया जाएगा, जिससे आने वाले दिनों में और भी योजना बनाई जा रही है।

## अब लॉरेंस बिश्नोई को मिली धमकी

» कहा 5,000 शूटर रेडी...

» वीडियो हुआ वायरल, पुलिस हरकत में...

**मुंबई/रायबरेली,27अक्टूबर 2024(ए)।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को लेकर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की ओर से आई धमकियों के बीच सुरक्षा बढ़ा दी गई है। हाल ही में बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद बिश्नोई फिर से सुर्खियों में है, और ऐसी अटकलें हैं कि वह अब सलमान खान को निशाना बना सकता है। इस तनावपूर्ण माहौल में, उत्तर प्रदेश के रायबरेली के एक युवक ने लॉरेंस बिश्नोई को खुली चुनौती देते हुए कहा कि अगर सलमान को कुछ हुआ, तो वह जेल के अंदर बिश्नोई से सीधे भिड़ने के लिए तैयार है।



### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ धमकी भरा वीडियो

सोशल मीडिया पर वायरल हुए 37 सेकंड के एक वीडियो में रायबरेली के युवक ने बिश्नोई को कड़ी चेतावनी दी है। वीडियो में वह कह रहा है, सुनो लॉरेंस बिश्नोई, तुम्हारे पास 2,000 शूटर हो सकते हैं, लेकिन मैंने 5,000 शूटर मुंबई भेजे हैं। अगर सलमान भाई को कुछ हुआ तो मैं जेल में तुम्हारा सामना करूंगा। यह वीडियो वायरल होते ही मुंबई पुलिस ने तुरंत संज्ञान लिया और वीडियो अपलोड करने वाले व्यक्ति का पता लगाकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने इस व्यक्ति की पहचान रायबरेली के दीपेमऊ सोहवाल गांव के निवासी के रूप में की है और वीडियो के आधार पर एफआईआर दर्ज की है।



## ट्रेन के इंजन में लगी भीषण आग

**रतलाम,27अक्टूबर 2024(ए)।** इंदौर से रतलाम आ रही डेमू पैसेंजर ट्रेन में आग लग गई। इंजन में से धुआं निकलता देख लोको पायलट ने ट्रेन रोक दी। अचानक ट्रेन रुकने और धुआं निकलता देख यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। वे सामान लेकर खेतों में भागे। घटना रविवार शाम 5.15 बजे प्रीतमनगर और रुनीजा रेलवे स्टेशन के बीच घटी। ट्रेन डॉ. अंबेडकर नगर (महू) से रतलाम के बीच चलती है। यही ट्रेन शाम 6.30 बजे रतलाम से भीलवाड़ा जाती है। ट्रेन के रतलाम पहुंचने से 30 किमी पहले ही ये हादसा हो गया। ट्रेन के रुकने के बाद लोको पायलट ने नीचे उतरकर देखा तो इंजन के नीचे से आग की लपटें उठती दिखीं। उसने यात्रियों को नीचे उतरने को कहा।

## अपनी प्रेमिका को पाने के लिए मुसलमान लड़का बना हिन्दू

**गुना,27अक्टूबर 2024(ए)।** मध्य प्रदेश के गुना जिले में प्रेम प्रसंग का एक अनोखा मामला सामने आया है, जहां एक मुस्लिम युवक ने अपने प्यार के लिए अपना धर्म बदलकर हिंदू रीति-रिवाज से शादी की। साजिद अब शेखर बन गया और उसने अपनी प्रेमिका काजल के साथ विवाह कर लिया। इस घटना के वीडियो को हिंदू संगठनों ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है



### इंदौर से भागे प्रेमी जोड़े की कहानी

मामला गुना जिले का है, जहां मुस्लिम युवक साजिद और हिंदू युवती काजल इंदौर से एक साथ लापता हो गए थे। पुलिस ने शनिवार को दोनों को राजस्थान से ढूंढ निकाला और गुना लाकर एसडीएम के सामने उनके बयान दर्ज किए। बयान के दौरान काजल ने साजिद के साथ रहने की जिद की। इस बीच, काजल और साजिद के परिवारजन तथा हिंदू संगठनों के लोग भी वहां मौजूद थे। उन्होंने साजिद से पूछा कि यदि काजल धर्म बदलने को तैयार है, तो क्या वह भी उसके लिए धर्म परिवर्तन कर सकता है। इस पर साजिद राजी हो गया और उसने शेखर बनकर हिंदू रीति-रिवाज से काजल से विवाह कर लिया। उसने काजल की मांग में सिंदूर भरा और मंगलसूत्र पहनाकर उसे अपनी पत्नी बना लिया।

# संपादकीय

## आत्म-मंथन का विषय

हर सेवा से पैसा कमाने का चलन अब मरीज की मजबूरी से फायदा उठाने तक पहुंच गया है। मांग एवं सप्लाई के सिद्धांत यहां भी लागू होना समाज की कैसी सूरत को जाहिर करता है, यह हम सबके लिए आत्म-मंथन का विषय है।तो अब यह चलन इलाज में पहुंच गया। बड़े प्राइवेट अस्पताल अब सर्जरी या बेड की प्राथमिकता मरीजों की जरूरत के हिसाब से नहीं, बल्कि इस हिसाब से तय कर रहे हैं कि उनमें से कौन ज्यादा पैसा देगा। मतलब यह कि अस्पताल में पहले से ज्यादा मरीज भर्ती हों, तो नए मरीज को इलाज के लिए ज्यादा पैसा देना पड़ेगा। ठीक उसी तरह जैसे विमान या ट्रेन यात्रा में देना पड़ता है। जैसे-जैसे यात्रियों की संख्या बढ़ती है, टिकट महंगे होते जाते हैं। यही तरीका अब अनेक अस्पताल अपना रहे हैं। इस बारे में आई छपी एक विस्तृत रिपोर्ट के मुताबिक हेल्थ सेक्टर में यह नया चलन देखने को मिल रहा है। इससे मरीजों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। मरीजों के साथ-साथ मेडिकल बीमा कंपनियों को बढ़ी हुई लागत उठानी पड़ रही है।खबर है कि बीमा कंपनियां इस सूरत को ध्यान में रख कर पॉलिसी प्रीमियम बढ़ाने जा रही हैं। बीमा कंपनियों के मुताबिक इलाज का खर्च साल-दर-साल बढ़ रहा है। इलाज खर्च सामान्य महंगाई की दर के मुकाबले 14 फीसदी से ज्यादा बढ़ा है। वैसे में अस्पताल सर्ज प्राइस के ताजा नियम से इलाज और महंगा बना रहे हैं। नए नियम के कारण इलाज खर्च में करीब 20 फीसदी की तेजी आई है। यहां तक कि अब रुटीन इलाज में भी अस्पताल नया नियम लागू करने लगे हैं। यानी इनमें भी पीक चार्ज लागू हो रहा है। जानकारों के मुताबिक अस्पतालों ने सिर्फ सर्ज प्राइस का नया नियम ही लागू नहीं किया है। बल्कि वे कई नए तरीके अपना रहे हैं, जिससे इलाज महंगा होता रहा है।मसलन, पहले एंजियोप्लास्टी अस्पताल एक पैकेज के रूप में करते थे। इसमें एंजियोग्राम और स्टेंटिंग को एक ही कीमत में शामिल किया जाता था। लेकिन अब कई अस्पताल इसके लिए वे अलग-अलग फीस वसूल रहे हैं। सार यह कि हर सेवा से पैसा कमाने का चलन अब मरीज की मजबूरी से फायदा उठाने तक पहुंच गया है। मांग एवं सप्लाई के सिद्धांत यहां भी लागू होना समाज की कैसी सूरत को जाहिर करता है, यह हम सबके लिए आत्म-मंथन का विषय है।

# ममता के प्रति जो धारणा बदल रही

पश्चिम बंगाल में इतिहास अपने को दोहराता लग रहा है। एक बाद एक हो रही भयावह घटनाएं और राज्य के अलग अलग हिस्सों में स्वंयस्फूर्त हो रहे जन आंदोलन 2011 से पहले के समय की याद दिला रहे हैं। पश्चिम बंगाल में वामपंथी शासन के पांव उखडऩे से पहले राज्य के हालात ऐसे ही थे। एक तो ममता बनर्जी ने मुख्य विपक्ष के नाते सरकार की नाक में दम किया हुआ था। नंदीग्राम में केमिकल हब बनाने के लिए भूमि अधिग्रहण और सिंगूर में टाटा की नैनो कार के प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण के खिलाफ ममता ने इतना बड़ा आंदोलन खड़ा कर दिया कि साढ़े तीन दशक से सत्ता में बैठा वाम मोर्चा इसे संभाल नहीं सका। नंदीग्राम में 2007 में जो आंदोलन शुरू हुआ उसकी अंत परिणति 2011 में वाम शासन के अंत और ममता बनर्जी की ताजपोशी के रूप में हुई।अब 2026 के विधानसभा चुनाव से दो साल पहले से ठीक वैसे ही हालात बन रहे हैं, जैसे 2007 में थे। ममता बनर्जी के खिलाफ बात बात पर आंदोलन भड़क जा रहा है। फर्क इतना है कि इस बार ममता बनर्जी के सामने उनकी तरह का कोई फायरब्रांड विपक्षी नेता नहीं है। भाजपा मुख्य विपक्षी पार्टी है लेकिन उसके पास कोई चेहरा नहीं है। वह तृणमूल कांग्रेस से उधार पर लाए शुभेंदु अधिकारी के दम पर ममता बनर्जी से नहीं लड़ सकती है। भाजपा इस बात को समझ रही है तभी उसने कोई चेहरा आगे नहीं किया है और न यह दिखा रही है कि ममता सरकार के खिलाफ अलग अलग जगहों पर हो रहे आंदोलन के पीछे उसका कोई हाथ है। कई जगह सचमुच भाजपा का हाथ नहीं भी है। लोग खुद से आंदोलित हो रहे हैं और हर छोटा बड़ा प्रदर्शन अंत में सरकार विरोधी बड़े आंदोलन में तब्दील हो रहा है। सबसे अहम बात यह है कि मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की नेता के तौर पर ममता बनर्जी धारणा की लड़ाई हार रही हैं। वे नैरटिव लूज कर रही हैं। उन्होंने मां, माटी मानुष' का जो नैरेटिव गढ़ा था वह उनके हाथ से फिसल रहा है। महिलाएं उनकी सरकार से नाराज हैं और उनको कठघरे में खड़ा कर रही हैं। आरजी कर अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ बलात्कार और जघन्य हत्या की घटना के बाद ममता के प्रशासन ने जिस तरह से काम किया उससे ममता के दामन पर बहुत गहरे दाग लगे हैं। उनकी साधारण सफेद सूती साड़ी महिलाओं को भरोसा जगाती थी वह अब नहीं हो रहा है।कोलकाता के जूनियर डॉक्टरों ने 42 दिन तक हड़ताल की और इस दौरान डॉक्टरों से इतर सामान्य महिलाओं ने भी बड़ी तादाद में आकर उनका समर्थन किया। फिर जूनियर डॉक्टर भूख हड़ताल पर बैठे और उनको व्यापक समाज का समर्थन मिला। वे इस बात से आहत हैं कि अस्पतालों में उनके ऊपर बेवजह हमले होते हैं और सरकार कुछ नहीं करती है। वे राज्य में धमकी देने की संस्कृति का समापन चाहते हैं और इसमें भी सरकार कुछ नहीं कर रही है।ममता बनर्जी की सरकार के बारे में यह धारणा बन रही है कि उसने महिला



की अस्मिता और जान के ऊपर अपनी सरकार की छवि को प्रमुखता दी और इसलिए छवि बचाने के लिए ममता की पुलिस ने पीड़ित डॉक्टर के परिजनों को पैसे का ऑफर दिया था। अभी इस घटना का विरोध बंद भी नहीं हुआ था कि दक्षिण 24 परगना के कृपाखाली इलाके में एक 10 वर्षीय बच्ची का शव मिला, जिसके परिजनों का कहना है कि उसके साथ बलात्कार किया गया और उसके बाद बहुत बेरहमी से हाथ पांव तोड़ कर उसको मार डाला गया।लड़की के लापता होने की शिकायत जब थाने में की गई तो पुलिस वालों ने कोई नोटिस नहीं लिया और बच्ची को तलाशने का कोई प्रयास नहीं किया। तभी उसका शव मिलने के बाद लोगों का गुस्सा भड़का और उन्होंने थाने में आग लगा दी। उससे पहले तोडफ़ोड़ की और पुलिस वालों पर हमला किया। पुलिस वालों को भाग कर जान बचानी पड़ी। लोगों ने तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय विधायक को भी खदेड़ कर भगा दिया। लोगों ने इस घटना की तुलना आरजी कर अस्पताल की घटना से की और कहा कि दोनों मामलों में ममता बनर्जी की पुलिस का रवैया एक जैसा था।इससे पहले संदेशखाली में जो हुआ वह भी सबको पता है। तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता शाहजहां शेख की ज्यादातियों के खिलाफ लोग एकजुट हुए और उन्होंने सड़क पर उतर कर आंदोलन किया। उस मामले में भी ममता बनर्जी की पुलिस ने आरोपी को बचाने का प्रयास किया। संदेशखाली, कोलकाता और दक्षिण 24 परगना के कृपाखाली की तीन घटनाएं ममता सरकार के बारे में बन रही नकारात्मक धारणा का मुख्य कारण बनी हैं। वैसे और भी कारण होंगे। लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने के बाद किसी भी सरकार के प्रति एंटी इन्कम्बैंसी पैदा होती है। हालांकि जब भी इस तरह की बात होती है तो तृणमूल समर्थकों का कहना होता है कि लोकसभा चुनाव में ममता बनर्जी की पार्टी ने 29 सीटें जीती हैं। उसने भाजपा से उसकी जीती हुई छह सीटें छीन ली है। इसका मतलब है कि लोग अब भी उसके साथ हैं।लेकिन ध्यान रहे लोकसभा का चुनाव आरजी कर अस्पताल की घटना के पहले हुआ था और दूसरे, केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ देश भर में नाराजगी थी, जिसका फायदा ममता बनर्जी को मिला। आरजी कर अस्पताल की घटना के बाद ममता के प्रति धारणा तेजी से बदली है। जितनी बड़ी संख्या में महिलाएं उनके खिलाफ प्रदर्शन करने सड़क पर उतरी हैं वह मिसाल है कि चीजें तेजी से बदल रही हैं। ममता के खिलाफ बड़ी संख्या में महिलाएं सड़कों पर उतरी हैं और इसके प्रतीक इस साल दुर्गापूजा के पंडालों में भी दिखे। अनेक पूजा पंडाल आरजी कर अस्पताल की घटना की थीम पर बने थे। एक पूजा पंडाल में जूनियर डॉक्टर का शव मां दुर्गा के साथ में था। वे दोनों हाथों से जूनियर डॉक्टर के शव उठाए हुए थीं। एक दूसरे पूजा पंडाल में जूनियर डॉक्टर का शव जमीन पर पड़ा था और मां दुर्गा ने अपनी दोनों आंखें अपने हाथ से ढक ली थी। उस पंडाल में मां दुर्गा का शेर भी शर्मिंदा होकर नजरें झुका कर खड़ा था।पश्चिम बंगाल के चुनाव नतीजों की बहुत झलक दुर्गापूजा के पंडालों से मिलती है। अगर इसको पैमाना मानें तो साफ दिखेगा कि ममता बनर्जी नैरेटिव लूज कर रही हैं। उनके बारे में धारणा बदल रही है। महिलाओं की नाराजगी के अलावा उनके प्रति धारणा बदलने वाली दूसरी बात यह है कि कोलकाता और पूरे बंगाल की सिविल सोसायटी उनके खिलाफ है। सिविल सोसायटी ने ममता बनर्जी से मुंह मोड़ लिया है।ममता बनर्जी अपनी चुनाव में बचे हुए पौने दो साल में धारणा बदलने के लिए कुछ न कुछ जरूर करेंगी लेकिन कामयाब कितनी होंगी यह नहीं कहा जा सकता है। उनके साथ सबसे बड़ा प्लस प्वाइंट यह है कि विपक्ष नहीं है। 75 विधायक होने के बावजूद भाजपा विपक्ष के नाते पूरी तरह से अप्रभावी है। उसके पास तृणमूल से आयातित नेता हैं। अभी पश्चिम बंगाल में छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं। इनके नतीजे भी राज्य की आगे की राजनीति की कुछ झलक देने वाले होंगे। हालांकि इनके नतीजों से 2026 का अंदाजा लगाना ठीक नहीं होगा। फिर भी पता चलेगा कि ममता के प्रति जो धारणा बदल रही है, उसका कितना चुनावी फायदा भाजपा को होता है।

-अजीत द्विवेदी-

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# बेरोजगारी का अस्पताल



हितेश्वर बर्मन चैतन्य
डंगनिया, जिला-सारंगढ़ - बिलाईगढ़ (छत्तीसगढ़)

भले ही आप शरीर से हट्टे-कट्टे, लम्बें - चौड़े, सुन्दर व उर्जावान रहो। पर आप अपने आप को तब तक पूरी तरह से स्वस्थ महसूस नहीं करेंगे जब तक आपके पास रोजगार का कोई जरिया न हो। यदि आपके पास कोई रोजगार नहीं होगा तो आज के इस जमाने में आपको लोग ताने मार - मारकर ही बीमार कर डालेंगे। इस बीमारी का रोगी भी आप हैं और डॉक्टर भी आप ही हैं। क्योंकि इस रोग का इलाज आपको ही ढुंढना पड़ेगा आपको इस बीमारी का इलाज बतानेवाला कोई भी नहीं मिलेगा। यदि किसी को भी बेरोजगारी के इस रोग का दवाई मिल भी जाता है, तो पर भी वह आपको नहीं बतायेगा। क्योंकि इस दुनिया में बेरोजगारी के रोग से हर कोई ग्रसित है, वह सबसे पहले रोजगार नामक गोली को खाकर खुद का इलाज पहले करेगा। वैसे भी ये रोजगार नामक गोली किसी बंद पुड़िया या थोक में नहीं मिलती है जिसमें से कुछ गोली खाकर आपको बाकी के बचे गोली को दिया जा सके।

बेरोजगारी एक ऐसी बीमारी है जिसका कभी भी शत् प्रतिशत इलाज संभव नहीं है। यहाँ तक की जिस व्यक्ति का उपचार हो जाता है। जिसको भी बेरोजगारी से राहत मिल जाती है, वह उतना ही ज्यादा और बीमार पड़ जाता है। क्योंकि जिसको भी बेरोजगारी के बीमारी से निजात मिलती है। वो कभी भी संतुष्ट नहीं रहता है, उसका भूख समय के साथ अचानक से बड़ जाता है। उसको रोजगार नामक गोली का स्वाद कड़वा लगता है। इसलिए वो मिठास बढ़ाने के लिए रोजगार के गोली के बजाय रोजगार का टॉनिक पीने की इच्छा रखता है। जिसके लिए वह तरक्की करके ऊँचा पद प्राप्त करना चाहता है। इस बेरोजगारी के रोग से ग्रसित व्यक्ति अपने इलाज के पहले ही ये सोचकर रखता है। कि यदि मुझे पहली बार में रोजगार की गोली खाने के लिए मिलेगा तो मैं रोजगार का टॉनिक पीऊंगा और यदि मुझे रोजगार का टॉनिक मिलता है तो मैं रोजगार का इंजेक्शन लगवाऊंगा। इस तरह बेरोजगार आदमी को रोजगार मिला ही नहीं रहता और वह रोजगार मिलने पर तरक्की करके क्या - क्या बनेगा उसको पहले ही सोच लेता है। इसी सोच के कारण बेरोजगारी की बीमारी से निजात मिलने के बाद भी आदमी हमेशा बीमार ही रहता है। अपने-आप को कभी भी संतुष्ट महसूस नहीं करता है तथा खुश रहने के बजाय तरह - तरह के कमी निकालकर दुःख को निमंत्रण देता रहता है।

इस बेरोजगारी जैसे खतरनाक बीमारी के इलाज हेतु देश में बहुत सारे अस्पताल खुलें हुए हैं। इन अस्पतालों के द्वारा समय - समय पर वेकेंसी निकालकर मरीजों को फार्म भरवाया जाता है। लेकिन ये जरूरी नहीं है कि आप बेरोजगारी के अस्पताल में चले जायें और आपका इलाज सफलतापूर्वक हो जाय। बेरोज़गारी के अस्पताल में आपको सिर्फ आपरेशन करने का



जगह ही दिया जाता है। आपको दिये गये समय के दौरान में ही खुद का आपरेशन करना होता है। आपरेशन की सफलता इस बात पर निर्भर करता है कि आप निर्धारित समय पर कितने प्रश्नों का उत्तर दे पाते हैं। यदि आपका भी नाम मेरिट लिस्ट के डॉक्टरों के सूची में ऊपर की ओर शामिल हो जाता है तो आपका भी निश्चित ही सफलतापूर्वक इलाज हो जाएगा।

यदि आप अपने बेरोजगारी के रोग का सही उपचार करने में असफल हो जाते हैं तो आप भूलकर भी किसी प्राइवेट अस्पताल में बिना सोचे - समझे मत जाना। वरना आपको भविष्य में बहुत ज्यादा पछताना पड़ेगा। बेरोज़गारी का इलाज ढूंढते - ढूंढते आपकी मौत भी हो सकती है। आपकी सम्पत्ति का सर्वनाश भी हो सकता है। इसलिए आप जब भी किसी प्राइवेट अस्पताल में बेरोजगारी के रोग का उपचार के लिए जाते हैं तो आप सबसे पहले उन लोगों से बातचीत करिए जो लोग उस अस्पताल में अपना इलाज करवाने के लिए पहले से जा चुके हैं। वही लोग आपको उस अस्पताल के बारे सही जानकारी दे सकेंगे। क्योंकि आजकल जो लोग अपने बेरोजगारी का इलाज नहीं कर पाते हैं, वे लोग पैसे कमाने के लिए खुद ही बेरोजगारी का अस्पताल खोल लेते हैं। लोगों को तरह-तरह के प्रलोभन देते हैं तथा उनको नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रूपये तक का ठगी करते हैं। यदि आप ऐसे ठगी करने वाले डॉक्टरों के चक्कर में पड़ेंगे तो निश्चित ही आप बर्बाद हो जायेंगे। इसलिए आप बेरोजगारी के रोग से निजात पाने के लिए कोई शार्टकट तरीका कभी भी मत अपनाना।हमारे जीवन में बहुत सारे परिस्थितियां आती है जिसके चलते हमें बेरोजगारी एक बीमारी सा प्रतीत होने लगता है। वर्तमान युग में खास कर जब कोई लड़का शादी करने के लिए लड़की देखने जाता है, तो उसी समय लड़की वाले लड़के से सरकारी नौकरी की मांग रखते हैं। यही वो समय होता जब एक बेरोजगार आदमी को अपने बीमारीपन का अहसास होता है। पर जो लड़की ऐसी मांग रखती है, वो संसारिक और वास्तविक दोनों ज्ञान से वंचित रहती है। वो सिर्फ काल्पनिक दुनिया में ही जीती है, वह हमेशा ये सोचती कि जहाँ पैसा रहेगा वहीं पर खुशी हो सकती है। ऐसे विचारधारा के इंसान आज के जमाने में बहुत स्वार्थी होते हैं। जो बिना किसी खास मकसद के कोई काम करते ही नहीं हैं। ऐसे लोगों के बातों में आकर आपको कभी भी अपनी विचारधारा नहीं बदलनी है। यदि संभव हो सके तो आप ऐसे विचारधारा वाले लोगों को ही बदल दीजिए उसको सकारात्मक विचार का ज्ञान दीजिए।

यदि अब तक आपको अपने बेरोजगारी के रोग से निजात नहीं मिली है तो चलिए आज मैं आपको इस बीमारी का इलाज बता देता हूँ। आप ऐसे लोगों के बातों पर कभी भी मत आना जो लोग आपको सिर्फ ताना देने का काम करते हैं। जो लोग आपको समझते हैं, आपको गहराई से जानते हैं, वे लोग कभी भी आपको आपके बेरोजगार होने पर ताना नहीं देंगे। आपको आपके बेरोजगार होने पर सिर्फ वही व्यक्ति ताना दे सकता है, जो व्यक्ति आपको कम समय से ही जानता हो या जिसे सांसारिक गतिविधियों का तनिक भी ज्ञान न हो। इसलिए बेरोजगारी को कभी भी बीमारी नहीं समझना चाहिए। हमारी जितनी हैसियत है उसी में संतुष्ट रहना चाहिए क्योंकि संतुष्टि ही सबसे बड़ा धन होता है। इसका मतलब ये नहीं कि आप एकदम सा आलस हो जाय जब भी आपको मौका मिलता है ऊपर उठने का अपने जीवन में आगे बढ़ने का तो आप उस दिन निश्चित ही जरूर कोशिश करना। परन्तु एक ही चीज के पीछे हमेशा भागते रहना उचित नहीं है। जैसे कि आजकल के युवाएं सिर्फ सरकारी नौकरी पाने को ही आगे बढ़ना समझते हैं। हमेशा नौकरियों के चक्कर में पड़े रहते हैं, तो इनकी तरह एक ही चीज के पीछे कभी भी मत भागना। जीवन बहुत लम्बा है नौकरी तो जीवन का मात्र एक छोटा सा हिस्सा है। जरूरत है तो बस अपने नजरिए को बदलने की है। जब आपका सोच बदलेगा तो आप सरकारी नौकरी से बेहतर मुकाम हासिल कर सकते हैं। इस संसार में अपना नाम अमर कर सकते हैं पर नौकरी के ही पीछे भागते रहने से ऐसा भी हो सकता है, कि एक दिन आपको नौकरी भी न मिले और न ही आप अपने जीवन में कुछ कर सके। बस पूरा जीवन नौकरी के पीछे भागने में खत्म हो जाय। बेरोज़गारी के रोग का उपाय सिर्फ नौकरी पाना तक ही सीमित नहीं है। अतः हमें अपने हालात पर खुश रहना चाहिए।

# उद्योगों से निकलकर अब घरों की शोभा बढ़ाएंगे रोबोट

रेस्तरां में कॉफी बनाते और ड्रिंक डालते रोबोट अब जगह-जगह दिखने लगे हैं। स्वचालित व प्रतिक्रिया देने वाले रोबोट को हवाईअड्डों और मॉल में भी काम करते देखा जा सकता है। कुछ रेस्तरां तो ऐसे भी हैं, जहां रोबोट इस्तेमाल की गई प्लेटों को एकत्र करते हैं और उनको रसोई में ले जाते हैं। साफ है, तमाम आकार-प्रकार के रोबोट अब हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुके हैं। बावजूद इसके चलते-फिरते इंसानी रोबोट हमारे बीच आज भी आश्चर्य, उत्साह व विमर्श पैदा करते हैं।

टेस्ला ऑप्टिमस' ऐसा ही एक रोबोट है, जिसे टेस्ला के संस्थापक एलन मस्क ने पिछले दिनों जारी किया है। इसने इंसानी रोबोट के प्रभाव व उपयोगिता को लेकर नई बहस छेड़ दी है। मस्क ने रोजमर्रा के कामों के लिए भी रोबोट बनाने की घोषणा की है। साथ-साथ उन्होंने पूरी तरह से स्वचालित कैब और वैन का भी प्रदर्शन किया, जो बिना स्टीयरिंग के चलेंगी। ये तीनों उत्पाद वैश्विक बाजार में व्यापक खपत को ध्यान में रखते हुए बनाए जाएंगे। वास्तव में, रोबोटिक उत्पादों का बाजार बीते कुछ वर्षों में काफी बढ़ा है। इसमें इंसानी रोबोट की मांग अधिक है। गोल्डमैन सैक्स की ह्यूमनॉइड रोबोट द एआई एक्सेलेरेंट रिपोर्ट तो यह भी बताती है कि यदि डिजाइन, उपयोग, प्रौद्योगिकी, सामर्थ्य और आम लोगों में स्वीकृति जैसी चुनौतियों से पार पा लिया जाए, तो 2035 तक यह बाजार 154 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है ।



इंसान जैसे रोबोट अब कई वजहों से अधिक स्मार्ट, सस्ते व मानवीय बन गए हैं। सबसे बड़ा कारण तो इनमें लगने वाली मशीनों का दाम घटना है। फिर, लगातार धरती कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ने कहीं अधिक प्रयोग करने की सुविधा दे दी है। गोल्डमैन सैक्स की रिपोर्ट कहती है कि पिछले साल एक इंसानी रोबोट को बनाने में 50 हजार डॉलर से 2.5 लाख डॉलर के बीच खर्च आता था, जो अब घटकर 30 हजार डॉलर से 1.5 लाख डॉलर के बीच हो गया है। लिहाजा आश्चर्य की बात नहीं कि मस्क ने ऑप्टिमस के जल्द ही 20 हजार डॉलर में उपलब्ध होने की घोषणा की है। ये रोबोट घर के कामों में मदद करेंगे, पौधों को पानी देंगे, खाना परोसेंगे और कई दूसरे काम करेंगे। रोबोट अब तक दुकानों और गोदामों तक ही सिमटे रहे हैं। लेकिन घरों में उनका यूं प्रवेश मानव समाज और अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक क्रांतिकारी बदलाव लाने वाला साबित होगा ।

मॉर्गन स्टेनली का आकलन है कि वर्ष 2040 तक अमेरिका में 80 लाख इंसानी रोबोट काम कर रहे होंगे, जिससे वेतन पर 357 अरब डॉलर का प्रभाव पड़ेगा। वहीं, 2050 तक ऐसे रोबोट की संख्या 6.3 करोड़ हो सकती है, जो संभवतः 75 फीसदी व्यवसाय, 40 फीसदी कर्मचारी और करीब तीन ट्रिलियन वेतन प्रभावित करेंगे। अनुमान है, सिर्फ अमेरिका में निर्माण कार्यों के 70 फीसदी, खेती-बाड़ी, मछली मारने और वानिकी के 67 फीसदी काम प्रभावित हो सकते हैं। भारत में औद्योगिक रोबोट के इस्तेमाल में 59 फीसदी की वृद्धि हुई है। साल 2023 में 8,510 रोबोट काम कर रहे थे, जो इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रोबोटिक्स के मुताबिक, एक नई ऊंचाई थी। कार निर्माताओं और आपूर्तिकर्ताओं, दोनों ने इसके विकास में योगदान दिया है। स्टैटिस्टा के मुताबिक, भारत में रोबोटिक्स बाजार का राजस्व साल 2024 में 44.67 करोड़ डॉलर तक पहुंच सकता है। सबसे ज्यादा जोर सर्विस देने वाले रोबोट पर है, जिससे इस साल 28.15 करोड़ डॉलर का राजस्व आ सकता है। इसकी आमदनी में 8.26 फीसदी की सालाना वृद्धि का अनुमान है, जिसके कारण 2029 तक यह बाजार 66.44 करोड़ डॉलर का हो सकता है। औद्योगिक रोबोट के बाद घरेलू रोबोट भी भारत में लोकप्रिय हो सकता है। ऐसे रोबोट की आमद बढ़ने से भारत और चीन जैसी अर्थव्यवस्थाएं प्रभावित हो सकती हैं और युवा आबादी वाले इन देशों को अपनी श्रम एवं रोजगार नीतियों पर पुनर्विचार करना पड़ सकता है। ये रोबोट खतरनाक व गंदे कामों में फायदेमंद होंगे, हालांकि रचनात्मक लोगों के सामने इनसे चुनौतियां पैदा नहीं होंगी। कुल मिलाकर, इंसानी रोबोट हमारी अपेक्षा से कहीं अधिक तेजी से हमारे घरों में प्रवेश कर सकते हैं। भारत और अन्य देशों को इसके लिए तैयार रहना होगा।

-विजय गर्ग-

# स्तुति,प्रार्थना,उपासना श्रेष्ठ

यह मानव का आदि सनातन मन है कि उसके मन में गलत, अधर्म, पाप, अपराध कर्म अथवा आचरण करते समय जाने - अनजाने ही ईश्वर का स्मरण अवश्य आता है, परंतु वह उसे भूलकर अथवा नकारकर अपना कर्म कर ही बैठता है। ईश्वर के सर्वत्र व्याप्त, सबकी बात को, सबके कर्म को देखने, सुनने संबंधी अर्थात परमेश्वर के यथार्थ दर्शक, यथार्थ श्रोता होने संबंधी मत को मानने वाले मानव के इस सनातन मन के समान ही वेद में भी परमेश्वर को यथार्थ श्रोता कहा गया है।व्यकित के कर्म को ईश्वर अवश्य ही देख रहा है, सुन रहा है। यह बात मानव मन में बैठी हुई है। यह मानव का आदि सनातन मन है कि उसके मन में गलत, अधर्म, पाप, अपराध कर्म अथवा आचरण करते समय जाने - अनजाने ही ईश्वर का स्मरण अवश्य आता है, परंतु वह उसे भूलकर अथवा नकारकर अपना कर्म कर ही बैठता है। ईश्वर के सर्वत्र व्याप्त, सबकी बात को, सबके कर्म को देखने, सुनने संबंधी अर्थात परमेश्वर के यथार्थ दर्शक, यथार्थ श्रोता होने संबंधी मत को मानने वाले मानव के इस सनातन मन के समान ही वेद में भी परमेश्वर को यथार्थ श्रोता कहा गया है।वैदिक मान्यतानुसार परमेश्वर सबकी स्तुतियों, प्रार्थनाओं, याचनाओं को यथार्थ रूप में सुनता है। इसलिए वैदिक ग्रंथों में परमेश्वर को व्यापक, अंतर्यामी यथार्थ श्रोता कहा गया है। जीवात्माओं को तो शरीर, ज्ञानेन्द्रियां, कर्मेन्द्रियां और अन्त्करण चतुष्टय प्राप्त हैं, जिनके माध्यम से जीवात्मा अपना सब व्यवहार सम्पादित करता है, परंतु परमेश्वर को जीवात्मा के समान शरीरादि की आवश्यकता नहीं है। वह तो इन साधनों के बिना सब कार्य बड़ी कुशलता से निष्पादित करता है, क्योंकि वह अशरीरी अर्थात निराकार, सर्वज्ञ, सर्वव्यापक सर्वान्तर्यामी तथा परमैश्वर्यवान



है।वह व्यापक और सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान होने से सब कुछ देखता, सुनता, जानता है। इसके लिए मुण्डकोपनिषद् में एक वचन है-यत्तदद्रृश्यम। अर्थात-वह अदृश्य, निराकारादि स्वरूप वाला है। यत्तदद्रृश्यम् अर्थात उस ब्रह्मा का ज्ञानेन्द्रियों से ग्रहण नहीं होता, हस्त से पकड़ा नहीं जा सकता, उसका कोई गोत्र वा वर्ण नहीं, वह नेत्र और कर्णरहित है, उसके हाथ और पाँव नहीं, वह नित्य है, व्यापक है, सर्वान्तर्यामी है, सुसूक्ष्म है, नाशरहित है। इससे स्पष्ट है कि परमेश्वर निराकार, चक्षुरादि इन्द्रियरहित होने पर भी सबका दृष्टा, श्रोता है, क्योंकि वह सर्वगत अर्थात सर्वत्र व्याप्त होने से सब कुछ देखता सुनता व जानता है।बृहदारण्यकोपनिषद् में अस्थूलम् अनणु, अचक्षुम्, अश्रोत्रम् आदि विशेषणों से युक्त करते हुए महर्षि याज्ञवल्क्य अपनी पत्नी गार्गी से उस अक्षर ब्रह्म के विषय अचक्षुकम् का अभिप्राय स्पष्ट करते हैं कि वह अविनाशी, सर्वज्ञ अक्षर ब्रह्मं चक्षुरादि इन्द्रियों से भिन्न होने से अचक्षुकम् कहा है। वह सर्वगत (व्यापक) होने से बिना चक्षु के सब कुछ देखता है। चक्षु का अर्थ स्पष्ट करते हुए स्वामी दयानन्द सरस्वती ने पंचमहायज्ञ विधि में लिखा है -एष एवैतेषां प्रकाशकलात् बाह्याभ्यन्तरयोः । चक्षुः चक्षुः सर्वदृक।।अर्थात- वह परमात्मा बाहर और अन्दर सबका द्रष्टा है।विश्वतश्चक्षुः पद का अर्थ करते हुए महर्षि दयानन्द ने लिखा है -सर्वस्मिञ्जगति चक्षुर्दर्शनं यस्य सः।अर्थात- सब जगत् पर चक्षु-दृष्टि रखने वाला है।परमेश्वर के कर्तृत्व को समझाते हुए स्वामी दयानन्द सरस्वती ने सत्यार्थ प्रकाश में श्वेताश्वेतर उपनिषद का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए लिखा है- अपाणिपादो जवनोग्रहीता पश्यत्यचक्षुः स श्रृणोत्यकर्ण।स वेत्ति विश्वं न च तस्यास्ति वेत्ता तमाहुरग्रं पुरुषं पुराणम।।- श्वेताश्वेतर उपनिषद 3/19 अर्थात- परमेश्वर के हाथ नहीं, परन्तु अपने शक्तिरूप हाथ से सब रचन, ग्रहण करता, पग नहीं, परन्तु व्यापक होने से सबसे अधिक वेगवान, चक्षु का गोलक नहीं, परन्तु सबको यथावत देखता, श्रोत्र नहीं तथापि सबकी बात सुनता, अन्त्करण नहीं परन्तु सब जगत को जानता है और उसको अवधि सहित जानने वाला कोई भी नहीं। उसी को सनातन, सबसे श्रेष्ठ, सबमें पूर्ण होने से पुरुष कहते हैं। वह इन्द्रियों और अन्तःकरण से होने वाले काम अपने सामर्थ्य से करता है।वैदिक मतानुसार लोगों के दूर अथवा निकट में यथार्थ सत्यासत्य को सुनने वाले विज्ञान स्वरूप अन्तर्यामी जगदीश्वर के क्रियामय यज्ञ संबंधी ज्ञान प्राप्त कराने वाले मंत्रों को अच्छी प्रकार जानकर मनुष्यों को नित्य उच्चारण व चिंतन मनन करने, विचार करने का आदेश देते हुए स्वयं परमात्मा ने यजुर्वेद 3/11 में कहा है-उपप्रयन्तोऽअध्वरं मन्त्रं वोचेमाग्रये। आरेऽअस्मे च श्रृण्वते।। -यजुर्वेद 3/11इस मंत्र में ईश्वर ने अपने स्वरूप का प्रकाश करते हुए कहा है कि मनुष्यों को वेदमंत्रों के साथ ईश्वर की स्तुति अथवा यज्ञ के अनुष्ठान को करके जो ईश्वर भीतर-बाहर सब जगह व्याप्त होकर सब व्यवहारों को सुनता अथवा जानता हुआ वर्त्मान है। इस कारण उससे भय मानकर अधर्म करने की इच्छा भी न करनी चाहिए। जब मनुष्य परमात्मा को जानता है, तब समीपस्थ और जब नहीं जानता तब दूरस्थ है।

-अशोक प्रवृद्ध-

कविता

## क्या लिखूँ भोले का नाम



घटती-घटना
कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी
इंदौर (मध्यप्रदेश)

लिखूं भोले का नाम
हे भोले मेरे हे भोले मेरे,
सब मंगल कर दो काम,
छूट जाए ये भागा-दौडी,
मिल जाए तेरा ही धाम।
हे भोले मेरे .....
श्वांसों की धारा में मेरे,
मिल जाए तेरा ही नाम,
होंठों से बस भोले निकले,
और नहीं हो कोई काम।
हे भोले मेरे .....
सुबह शुरू हो भोले से बस,
हो जाए फिर ऐसी शाम,
शब्दों के एक-एक मोती से,
लिखूं भोले तेरा ही नाम।
हे भोले मेरे ...
जीवन में ना आस रहे,
जब भोले मेरे पास रहें,
गीत खुशी के साज में बिखरें,
मन से ना कोई उदास रहे।
हे भोले मेरे ...
भोले से मिलकर जीवन की,
डगरी मेरी खास रहे,
भर जाए मुस्कानों की गठरी,
पल-पल ये विश्वास रहे।
हे भोले तेरे ...

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# स्कूल जाने निकलीं दोनों छात्राओं का नहीं चल सका पता



- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

3 दिन से लापता दो छात्राओं का अब तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस के अनुसार शहर से लगे कोलडीहा क्षेत्र व मनेन्द्रगढ़ रोड की दो छात्राएं आपस में दोस्त हैं और केन्द्रीय विद्यालय में कक्षा 8वीं में पढ़तीं हैं। दोनों 25 अक्टूबर की सुबह करीब 7.30 बजे स्कूल जाने निकलीं थी।

इसके बाद से दोनों वापस घर नहीं लौटीं हैं। घटना दिवस को जब दोनों छात्राएं अपने-अपने घर नहीं लौटीं तो परिजन पता तलाश शुरू की। परिजन स्कूल जाकर पता किया तो पता चला की घटना दिवस दोनों छात्राएं स्कूल आई ही नहीं है। परिजन ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई है। पुलिस छात्राओं की पता तलाश कर रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बनारस रोड में दोनों छात्राएं देखी गई हैं। इसके बाद से उनका पता नहीं चल पाया है। सूत्रों के अनुसार छात्राओं के इंस्टग्राम में कुछ मैसेज किए जाने व उसे डिलिट करने की बात भी सामने आ रही है। पुलिस इंस्टाग्राम व सोशल मीडिया भी खंगाल रही है। वहीं गांधीनगर टीआई प्रदीप जायसवाल का कहना है कि गुम एक छात्रा की छोटी बहन ने उन्हें किसी से बात करते सुनी है जो प्रयागराज इलाहाबाद जाने कह रही थी।

# लिफ्ट देकर महिला से रुपए व जेवरात लूटने वाला आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

लिफ्ट देकर महिला को जंगल में ले जाकर रुपए व जेवरात लूटने वाले आरोपी को गांधीनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



जानकारी के अनुसार बैढन् जिला सिंगरौली मध्यप्रदेश निवासी सविता 22 अक्टूबर को बस से अपने मूल निवास करौंधा थाना कुसमी जिला बलरामपुर जाने बस से अंबिकापुर प्रतिक्षा बस स्टैंड आई थी। इसके बाद वह कुसमी जाने के लिए रिंग रोड में बस का इंतजार कर रही थी। तभी बाइक सवार एक युवक महिला के पास पहुंचा और कहा कि कहां जाना है। महिला बोली कुसमी जाने के लिए बस का इंतजार कर रही हूं। बाइक सवार युवक ने कहा कि मैं भी कुसमी जाउंगा। चलो मैं ले जाउंगा। यह बात सुनकर महिला युवक के झांसे में आकर बाइक में बैठ गई। बाइक सवार युवक महिला को बाइक पर बैठाने के बाद रामानुजगंज नाका से पहले रास्ता बदल दिया और जंगल में ले जाकर महिला के पर्स से 5 हजार नकद, सोने का मंगलसूत्र, कान का टप्स, मोबाइल लूटकर फरार हो गया था। महिला किसी तरह जंगल से निकलकर गांधीनगर थाना पहुंची और मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 309 (4) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने मुख्य मार्ग व आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी शिवशंकर पुरी उम्र 45 वर्ष निवासी रामपुर प्रतापपुर जिला सूरजपुर हाल मुकाम बौरीपारा थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

### लूटकर बेच दिया था जेवरात

आरोपी ने महिला से 5 हजार रुपए नकदी,सोने का मंगलसूत्र, कान का टप व मोबाइल लूटा था। लूटने के बाद वह सोने के जेवरात को देवीगंज स्थित सुरेश ज्वेलर्स दुकान में 26 हजार में बेच दिया था। उक्त रुपए से अपनी बेटी का इलाज कराया था। वहीं लूटे गए 5 हजार रुपए व मोबाइल को अपने घर में रखा था। जिसे पुलिस ने जब्त किया है। इसके अलावा पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक को भी जब्त किया है। मामले में पुलिस ने जेवर खरीदने वाले दुकान संचालक के खिलाफ भी कार्रवाई की है। पुलिस ने दुकान संचालक के कब्जे से गला हुआ सोना भी जब्त किया है।



# चक्रवाती तूफान का असर, जिले में देर शाम तक रूक-रूककर हुई बारिश

- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

ओड़िशा में आए चक्रवाती तूफान 'दाना' का असर सरगुजा में कई दिनों से देखा जा रहा है। वहीं रविवार को दिवाली से पूर्व बारिश ने घरों की साफ-सफाई के कार्यों में खलल डाल दिया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक-दो दिनों तक मौसम साफ होने की उम्मीद नहीं है।

मौसम वैज्ञानिक एएम भट्ट ने बताया कि ओड़िशा में आए चक्रवाती तूफान का असर सरगुजा संभाग में देखा जा रहा है। कई दिनों से आसमान में बादल छाए रहने व तेज चल रही थी। इससे ठंड का एहसास हो रहा था। वहीं रविवार की दोपहर के बाद देर शाम तक रूक-रूक कर बारिश होती रही। बारिश के कारण ठंड में हल्की वृद्धि हुई है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार आने वाले एक-दो दिनों में मौसम साफ होने की उम्मीद नहीं है। जगह-जगह रूक-रूक कर बारिश व तेज हवा चल सकती है। हलांकि ओड़िशा में आए चक्रवाती तूफान अब कमजोर पड़ गया है।

# शराब सेवन कर भारी वाहन चलाने वाले 109 लोगों से वसूले गए समन शुल्क

- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

शराब सेवन कर वाहन चलाने के दौरान अक्सर दुर्घटनाएं होती है। वहीं त्योहार के दौरान दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से सरगुजा पुलिस द्वारा वाहन चालकों की ब्रेथ ऐनालाइजर से जांच की गई। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 109 वाहन चालकों से 1 लाख 4 हजार600 रुपए समन शुल्क वसूले गए।

जानकारी के अनुसार शनिवार की देर शाम यातायात पुलिस द्वारा बस स्टैंड में भारी वाहन चालकों की सघन चेकिंग की गई। बस चालकों एवं मुख्य मार्ग से गुजरने वाले भारी वाहन चालकों की ब्रेथ ऐनालाइजर से जांच की गई। इस दौरान 109 वाहन चालक शराब पीकर वाहन चलाते पाए गए। जिनसे 1 लाख 4 हजार600 रुपए समन शुल्क वसूले गए। वहीं वाहन चालकों को समझाइश दी गई कि शराब पीकर वाहन न चलाएं। इस दौरान रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत सहित यातायात शाखा के पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।



# रेत का किया जा रहा था अवैध परिवहन, चार टीपर वाहन पर की गई कार्रवाई



- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

लखनपुर थाना क्षेत्र के केशगवां रेड नदी से अवैध रेत का परिवहन किया जा रहा है। इस मामले में पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने रविवार को कार्रवाई की है। अवैध रेत परिवहन में लगे 4 टीपर वाहन को जब्त कर कार्रवाई की गई है।

वाहन चालक अभिषेक एक्का निवासी ठाकुरपुर थाना गांधीनगर द्वारा टीपर वाहन क्रमांक सीजी 15 ईडी 7734 से अवैध रेत परिहन किया जा रहा था। चालक ने टीम को बताया कि रेत को केशगवा से परिवहन कर रघुनाथपुर ले जाना और वाहन मालिक बृजेश गुप्ता निवासी रघुनाथपुर का होना बताया। वाहन क्रमांक सीजी 15 ईसी 3412 के चालक पन्नेलाल निवासी बोझा थाना प्रतापपुर द्वारा रेत परिवहन किया जा रहा था। वाहन नितेश गुप्ता निवासी रघुनाथपुर का होना बताया। वाहन क्रमांक सीजी 15 डीवी 3148 के चालक ग्राम सिंगीटाना थाना लखनपुर निवासी जगमोहन द्वारा रेत परिवान किया जा रहा था। वाहन दीपक अग्रवाल निवासी अंबिकापुर का होना बताया। इसी तरह वाहन क्रमांक सीजी 15 ईए 5747 के चालक कोलडीहा थाना गांधीनगर निवासी देवराज द्वारा रेत परिवाहन किया जा रहा था। वाहन मनोज कुशवाहा का होना बताया। संयुक्त टीम ने चारो वाहनों को जब्त कर वाहन मालिकों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई है। उक्त कार्रवाई में राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार दीप्ती जायसवाल, थाना प्रभारी लखनपुर निरीक्षक अश्वनी सिंह, प्रधान आरक्षक प्रवीणचंद तिवारी, आरक्षक दशरथ राजवाड़े, राकेश यादव शामिल रहे।

# सरगुजा एसपी को आरटीआई का आवेदन भेज मांगे 5 लाख,रिपोर्ट दर्ज



- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा एसपी सहित 8 जिले के एसपी को आरटीआई आवेदन भेजकर 5 लाख रुपए की मांग की गई थी। मामले में जांच के बाद कोतवाली में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

सरगुजा एसपी योगेश पटेल के नाम 16 अक्टूबर 2024 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक स्पीड पोस्ट आया था। स्पीड पोस्ट में प्रेषक के रूप में अनीता प्रजापति आरटीआई कार्यकर्ता कोरबा उल्लेख था। कार्यालय के मुख्य लिपिक ने लिफाफे को खोला तो उसमें अधिवक्ता ओमप्रकाश जोशी ने अनीता प्रजापति की ओर से पुलिस अधीक्षक सरगुजा को एक आरटीआई आवेदन भेजा गया था। आरटीआई आवेदन में एसपी सरगुजा पर भ्रष्टाचार, अपने अधिनस्त अधिकारी-कर्मचारियों को प्रताड़ित करने सहित कई गंभीर आराप लगाए गए हैं। आवेदन के अंत में कथित अधिवक्ता ने कथित आरटीआई कार्यकर्ता के खाते में 5 लाख रुपए जमा करना उल्लेख किया गया है। अनीता प्रजापति द्वारा भेजे गए आरटीआई आवेदन की जांच कराई गई तो फर्जी पाया गया। जांच में पता चला कि आरटीआई आवेदिका अनीता प्रजापति एवं उसके अधिवक्ता ओमप्रकाश जोशी द्वारा कोई आवेदन एसपी को नहीं भेजा गया है। जांच में पुलिस को पता चला कि अनीता प्रजापति का पति जो कि आबकरी उप निरीक्षक है और उसका तलाक हो चुका है। अपनी तकलाकशुदा पत्नी को बदनाम करने के उद्देश्य से यह कृत किया है। मामले में एसपी कार्यालय सरगुजा के मुख्य लिपिक अजय गुहा ने कोतवाली में आरोपी दिलीप प्रजापति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी ने दिलीप प्रजापति ने अपनी तलाकशुदा पत्नी के नाम एसपी सरगुजा, एमसीबी, सूरजपुर, बलरामपुर, जशपुर, बिलासपुर और जीपीएम को भी फर्जी नोटिस भेजा है। मामले में कोरिया एसपी ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।





# नगरी निकाय के उपचुनाव में वार्डवासियों से किए हुए वादे हुए पूरे

## विधायक राजेश अग्रवाल ने सामुदायिक भवन का फीता काट किया लोकार्पण

### » विधायक की उपस्थिति में पूर्व कांग्रेस पार्षद सुरैया देवी सहित कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की...

- संवाददाता -
लखनपुर,27 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

लखनपुर नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 14 में 2 वर्ष पूर्व हुए उपचुनाव में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष व विधायक राजेशअग्रवाल नगर अध्यक्ष सावित्री दिनेश साहू के नेतृत्व में उपचुनाव में भाजपा को जीत मिली थी। चुनाव में किए वादों को पूरा करते हुए विधायक राजेश अग्रवाल के पहल नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू के अथक प्रयास से वार्ड क्रमांक 14 में 7.80 लाख की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया। जिसका लोकार्पण कार्यक्रम 27अक्टूबर दिन रविवार को अतिथि विधायक राजेश अग्रवाल के द्वारा सामुदायिक भवन का फीता काट लोकार्पण कर समाज के लोगों को भवन का चाभी दिया गया। दुबई विधायक राजेश अग्रवाल की उपस्थिति में लखनपुर नगर के वार्ड क्रमांक 5 के पूर्व पार्षद सुरैया देवी पुत्र राजेश अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। विधायक राजेश अग्रवाल सहित भाजपा पदाधिकारी के द्वारा उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी गई। विधायक राजेश अग्रवाल और मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू ने सामुदायिक भवन को लेकर भैया समाज के लोगों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहां की देश के शशि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वार्ड क्रमांक 13 और 14 में 432 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है। पक्के मकान बनने को लेकर वार्ड वासियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ,विधायक राजेश अग्रवाल भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू ,नगर अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू ,वार्ड पार्षद सहित भाजपा पदाधिकारी का आभार जताया है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम के 115 संस्करण कार्यक्रम का श्रवणपान विधायक राजेश अग्रवाल सहित उपस्थित लोगों ने किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू ,भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, ओबीसी जिला अध्यक्ष राजेंद्र जयसवाल, बृजकिशोर पांडे पार्षद अमित बारी, पवन भुइया सहित बड़ी संख्या में वार्ड वासी मौजूद रहे।

# अंबिकापुर विधायक के निवास पहुंची मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या देवी,हुआ स्वागत

- संवाददाता -
लखनपुर,27 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

रविवार को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी का आगमन अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल के निवास लखनपुर में हुआ जहां भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात किया और क्षेत्र की बारे में जानकारी ली गई।

अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल के निवास में दोपहर का मध्यांतर उनके परिवार के साथ किया इसके उपरांत अपने निवास के लिए प्रस्थान किया गया।

वही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी के द्वारा क्षेत्र के विकास एवं प्रगति और छत्तीसगढ़ को विकसित बनाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

इस भेंट मुलाकात कार्यक्रम में अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल,पूर्व जनपद उपाध्यक्ष विजय अग्रवाल पूर्व पार्षद राकेश अग्रवाल,मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, रवि अग्रवाल ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल,दिनेश बारी ,आलोक गुप्ता तबरेज आलम, आयुष सहित काफी संख्या में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।





# इजरायल के हमले से ईरान का गुप्त परमाणु सैन्य ठिकाना ध्वस्त,सैटेलाइट तस्वीरों ने खोले राज

**दुबई,27 अक्टूबर 2024।** ईरान पर इजरायली हमले से उसे बहुत बड़ा नुकसान पहुंचा है। इस बात की गवाही सैटेलाइट तस्वीरें भी दे रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार ईरान की राजधानी तेहरान के दक्षिण-पूर्व में स्थित उसके गुप्त सैन्य अड्डे पर इजरायल के हमले से काफी नुकसान पहुंचा है, जिसे अतीत में विशेषज्ञों ने तेहरान के तत्कालीन परमाणु हथियार कार्यक्रम से संबद्ध बताया था। इस हमले में एक अन्य सैन्य अड्डे को नुकसान पहुंचा,जो ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम से जुड़ा था। समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस (एपी) ने उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों का रविवार को विश्लेषण किया, जिससे पता चलता है कि क्षतिग्रस्त हुई कुछ इमारतें ईरान के पारचिन सैन्य अड्डे में स्थित थीं।



अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी को संदेह है कि ईरान ने पूर्व में वहां परमाणु हथियार से संबद्ध विस्फोटकों का परीक्षण किया था। ईरान लंबे समय से इस बात पर जोर देता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए), पश्चिमी खुफिया एजेंसियों और अन्य का कहना है कि तेहरान 2003 तक हथियार कार्यक्रम सक्रिय रूप से संचालित कर रहा था। अन्य क्षति निकटवर्ती खोजिर सैन्य अड्डे पर देखी जा सकती है, जिसके बारे में विश्लेषकों का मानना ??है कि वहां भूमिगत सुरंग प्रणाली और मिसाइल निर्माण स्थल है। ईरान की सेना ने शनिवार सुबह इजराइल के हमले से खोजिर या पारचिन में हुए नुकसान की पुष्टि नहीं की है। हालांकि, उसने कहा है कि हमले में देश की वायु रक्षा प्रणाली में काम कर रहे चार ईरानी सैनिक मारे गए।

### खामेनेई के बयान से भी ईरान को नुकसान का दावा हो रहा सही

आरंभ में ईरान भले ही बड़े नुकसान से इनकार करता रहा हो, लेकिन उसके सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई के रविवार को आए बयान से भी यह संकेत मिलता है कि इजरायली हमला हल्का नहीं था। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिशन ने टिप्पणी किए जाने के अनुरोध पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इजरायली सेना ने भी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। हालांकि, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने रविवार को एक श्रोता से कहा कि इजरायली हमले को ''बढ़ा-चढ़ाकर नहीं बताया जाना चाहिए और न ही कम करके आंका जाना चाहिए।''

### नेतन्याहू ने कहा-ईरान को हुआ बड़ा नुकसान

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि इजरायल के हमलों ने ईरान को ''गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाया।'' यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि इजरायली हमले में कुल कितने स्थलों को निशाना बनाया गया। ईरान की सेना ने अभी तक नुकसान की कोई तस्वीर जारी नहीं की है। ईरानी अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्रों की पहचान इलम, खुजस्तान और तेहरान प्रांतों के रूप में की है। शनिवार को इलम प्रांत में ईरान के तांगे बिजार प्राकृतिक गैस उत्पादन स्थल के आसपास प्लैनेट लैब्स पीबीसी की उपग्रह तस्वीरों में जले हुए खेत देखे जा सकते हैं। हालांकि,अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ये तस्वीरें हमले से संबंधित हैं या नहीं। इलम प्रांत पश्चिमी ईरान में ईरान-इराक सीमा पर स्थित है। सबसे अधिक नुकसान प्लैनेट लैब्स की तस्वीरों में देखा जा सकता है,जो तेहरान शहर से लगभग 40 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में मामालू बांध के पास पारचिन में हुआ है।

वहां, एक ढांचा पूरी तरह से नष्ट हो गया, जबकि अन्य ढांचे हमले में क्षतिग्रस्त हुए देखे जा सकते हैं। तेहरान शहर से लगभग 20 किलोमीटर दूर खोजिर में, उपग्रह तस्वीरों में कम से कम दो ढांचों को हुए नुकसान को देखा जा सकता है। आईएईए का नेतृत्व करने वाले राफेल मारियानो ग्रॉसी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि ''ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर कोई असर नहीं पड़ा है।'' उन्होंने कहा, ''निरीक्षक सुरक्षित हैं और अपना महत्वपूर्ण काम जारी रखे हुए हैं। मैं ऐसी कार्रवाई के दौरान विवेक और संयम बरतने का आह्वान करता हूं, जो परमाणु और अन्य रेडियोधर्मी सामग्रियों की सुरक्षा को खतरे में डाल सकती हैं।

## मोसाद हेडक्वार्टर के पास संदिग्ध आतंकी हमला,हमलावर ने ट्रक से कइयों को रौंदा...हड़कंप



**तेल अवीव,27 अक्टूबर 2024।** हमास,हिजबुल्लाह और ईरान के खिलाफ एक साथ जंग में उलझे इजरायल के अंदर भी हमले तेज हो गए हैं। रविवार को इजरायली शहर तेल अवीव में मोसाद हेडक्वार्टर के पास एक संदिग्ध आतंकी हमला हुआ। हमलावर ने ट्रक से बस स्टॉप पर खड़े लोगों को कुचल दिया। इस हमले में कम से कम 35 लोग घायल हुए हैं। 6 की हालत गंभीर बताई जा रही है। हमलावर ने पुलिस अधिकारियों को भी रौंदने की कोशिश की, लेकिन बचाव दल ने तुरंत उसे गोली मार दी और हमला नाकाम कर दिया। खबर लिखे जाने तक ट्रक के नीचे अभी भी कई लोग फंसे हुए थे। जिन्हें निकालने के काम किया जा रहा था।

यह हमला तेल अवीव के उत्तर-पूर्व में रमत हशारोन शहर में मोसाद जासूसी एजेंसी के मुख्यालय के पास हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब इजरायली एक सप्ताह की छुट्टी के बाद काम पर लौट रहे थे, तो ट्रक एक स्टॉप पर आ धमका और खड़ी बस को पीछे से टक्कर मार दी। इससे बस आगे खिसक गई और कई लोग वाहनों के नीचे दब गए। इलाके में मोसाद मुख्यालय के अलावा एक सैन्य अड्डा भी है। इज़राइल की मैगन डेविड एडोम बचाव सेवा ने कहा कि घायलों में से छह की हालत गंभीर है।

इजरायली पुलिस के प्रवक्ता एएसआई अहरोनी ने संवाददाताओं से कहा कि हमलावर को मारा जा चुका है। हमलावर मध्य इजरायल का रहने वाला अरब शख्स बताया जा रहा है। हमलावर लंबे समय से इजरायल में ही रह रहा था।

# जॉर्जिया संसदीय चुनाव : रूस समर्थक सतारूढ़ दल को बढ़त,विपक्ष पर उठाए सवाल



**तिब्लिसी,27 अक्टूबर 2024।** जॉर्जिया के संसदीय चुनाव में सत्तारूढ़ जॉर्जियन ड्रीम पार्टी 52.99 प्रतिशत वोट के साथ आगे चल रही है। यह केंद्रीय चुनाव आयोग ने घोषणा की है। शनिवार को आयोग के अध्यक्ष जियोर्जी कलंदरिशविली ने कहा कि प्रारंभिक आंकड़ों के आधार पर, जॉर्जियाई ड्रीम को 935,004 वोट मिले।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक विपक्षी दलों में, गठबंधन फॉर चेंज ने 11.2 प्रतिशत वोट के साथ बढ़त हासिल की, उसके बाद यूनाइटेड नेशनल मूवमेंट ने 9.8 प्रतिशत, स्ट्रॉन्ग जॉर्जिया ने 9.0 प्रतिशत और गखारिया फॉर जॉर्जिया ने 8.2 प्रतिशत वोट हासिल किए।

चुनाव आयोग अध्यक्ष ने यह भी कहा कि चुनाव शांतिपूर्ण और स्वतंत्र माहौल में हुए।

कलंदरिशविली ने कहा, पहली बार, हमने विशेष स्पेशल वोटर वेरिफिकेशन का इस्तेमाल किया और हम पूरे विश्वास के साथ कह सकते हैं कि चुनाव सफलतापूर्वक हुए।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जॉर्जिया के यूरोपीय संघ समर्थक विपक्ष ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाए और नतीजों को स्वीकार नहीं करने की बात कही।

यह चुनाव देश के लिए बेहद अहमियत रखता है। इसके नतीजे तय करेंगे कि कोकेशियान राष्ट्र यूरोपीय संघ की सदस्यता के करीब पहुंचता है या मॉस्को की ओर मुड़ता है।

सत्तारूढ़ %जॉर्जियन ड्रीम' पार्टी रूस समर्थक मानी जाती है। दिलचस्प बात यह है कि यह पार्टी अपने 12 वर्षों के शासन के दौरान पश्चिम समर्थक समूह से हाल के वर्षों में स्पष्ट रूप से रूस समर्थक बन गई है। वहीं विपक्षी पार्टियों को आमौतर पर पश्चिम का समर्थक माना जाता है।

### नेतन्याहू के सामने शेम ऑन यू के नारे लगे

## हमास के हमले में मारे गए लोगों की याद में आयोजन था,गाजा में 40 की मौत





**इजराइली,27 अक्टूबर 2024।** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू रविवार को पिछले साल हमास के हमले में मारे गए लोगों की याद में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कुछ लोगों ने उनके भाषण को बीच में रोकते हुए शेम ऑन यू के नारे लगाने शुरू कर दिए। ये कार्यक्रम टीवी पर लाइव प्रसारित किया जा रहा था।

नारे लगाने वाले लोग हमास के हमले में मारे गए लोगों के परिवारजन थे। दरअसल, पिछले साल हुए हमास के हमले को न रोक पाने के पीछे कई लोग नेतन्याहू को दोषी मानते हैं। इनमें वो लोग भी शामिल थे, जिनके परिवार वालों को हमास ने बंधक बनाया हुआ है।

**वे लोग भी यहां नेतन्याहू के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे**

गाजा में इजराइली एयरस्ट्राइक में 40 की मौत गाजा की अल अक्सा शहीद अस्पताल के प्रवक्ता डॉ. खलील अल दकरान ने बताया कि शनिवार को नॉर्थ गाजा पर हुई एयर स्ट्राइक में लगभग 40 लोग मारे गए हैं। इजराइल ने नॉर्थ गाजा के बेइत लाहिया इलाके में एक रिहाइशी बिल्डिंग को निशाना बनाया था। हमले में 80 से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं।

अल दकरान ने बताया कि इस महीने में अब तक इजराइली हमलों से नॉर्थ गाजा में 1 हजार से ज्यादा लोग मारे गए हैं। वहीं, गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक ये आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है।

एम्बुलेंस न होने की वजह से सभी लोग अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे हैं। मंत्रालय के मुताबिक बेघर हो चुके लोगों के 5 शेल्टर होम को भी इजराइल ने निशाना बनाया है।

### इजराइल ने हिजबुल्लाह के एक और कमांडर को मारा

इजराइली सेना ने रविवार को बताया कि उसने दक्षिणी लेबनान में बिंत जबेइल इलाके के हिजबुल्लाह कमांडर अहमद जफर मातौक को मार गिराया है। इसके अगले दिन सेना ने मातौक के उत्तराधिकारी के साथ ही बिंत जबेइल में हिजबुल्लाह के आर्टिलरी कमांडर को भी मार गिराया।

ये तीनों व्यक्ति दक्षिणी लेबनान में इजराइली सेना के खिलाफ एंटी टैंक मिसाइल का इस्तेमाल कर रहे थे। इसके अलावा ढ्ष्ठस्न ने हिजबुल्लाह के लगभग 130 रेडी-टू-फायर लॉन्चर्स को भी नष्ट कर दिया है। साथ ही 160 रॉकेट से लैस 4 मोबाइल लॉन्चर भी इजराइली सेना ने नष्ट कर दिए है।

# जशपुर नगर के ललिता नाग एवं सुंदर लाल साय को दिल्ली में चाइल्ड केयर अवार्ड से किया गया सम्मानित

» **जशपुर में 40 लाइका घर किया जा रहा संचालित**

» **80 केयर टेकर बच्चों की देखभाल कर रहे है...**







- संवाददाता -
**जशपुरनगर,27 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।** जिले की पोषण महिला कार्यकर्ता ललिता नाग एवं किनकेल सरपंच सुंदर लाल साय को शुक्रवार को दिल्ली में फोर्सेस द्वारा अंतरराष्ट्रीय देखभाल और सहायता दिवस 2024 के अवसर में भारत के बाल देखभाल श्रमिकों का जश्न मनानेश् के अवसर पर चाइल्ड केयर चौंपियंस अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया गया स जिला प्रशासन और एकजुट संस्था के माध्यम से जशपुर जिले में लइका घर का बेहतर संचालन किया जा रहा है। जिले के जशपुर विकासखंड में 40 लइका घर संचालित किया जा रहा है। और 80 केयर टेकर बच्चों की देखभाल कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि एकजुट भारत में एक गैर-लाभकारी/सरकारी स्वैच्छिक संगठन है जो छत्तीसगढ़ में जशपुर एवं धरमजयगढ़ प्रखंड में बच्चों के कुपोषण की रोकथाम पर कार्य कर रहा है।

दोनों को एकजुट संगठन द्वारा नामित किया गया था। वर्तमान में यह संगठन कई राज्यों छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश,उड़ीसा,बिहार,राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में 500 से अधिक क्रेच / लाइका घर चला रहा है, जिसमें लगभग 10,000 छोटे बच्चे शामिल हैं। जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले,विभिन्न राज्यों से नामांकित व्यक्ति थे, जिनमें पंचायतीराज संस्थाओं के सदस्य भी शामिल थे, जिन्होंने बच्चों के लिए कुछ अच्छे काम किए हैं और पूरे भारत में सभी नामित कार्यकर्ता थे। 8 पुरस्कार विजेताओं में से 4 विजेता एकजुट से थे। एकजुट के क्रेच मॉडल में संपूर्ण डे केयर सेवाओं का संग्रह है, जिसमें संरक्षित वातावरण, स्वच्छ पेयजल, गर्म पका हुआ भोजन और हस्तनिर्मित खिलौनों का उपयोग करके इंटरैक्टिव गेम जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

काम का यह व्यापक चक्र प्रारंभिक बाल्यावस्था विकास एवं देखभाल, वृद्धि निगरानी, बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और महिलाओं के सशक्तिकरण को सुनिश्चित करता है। एकजुट 22 वर्षों से काम के लिए प्रतिबद्ध है।

### बच्चों की देखभाल में दोनों की भूमिका सराहनीय

ललिता नाग जशपुर से नीमगांव के लाइका घर में कार्यरत है और एकजुट संस्था से जुड़कर 6 महीनों से तीन साल के बीच के छोटे बच्चों की देखभाल और सहायता में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

सुंदरलाल साय किनकेल सरपंच जशपुर से है जो उनके पंचायत अंतर्गत चल रहे लाइका घर केरे और किनकेल गांव में महत्पूर्ण योगदान प्रदान करते आ रहे हैं ।



# सोशल मीडिया में बिजुरी टीआई मुर्दाबाद के नारों की गूंज

## तो.! थाना प्रभारी हो जाना मतलब नगर का भगवान हो जाना



-बागी कलम-
अनूपपुर,27 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।
नगरपालिका परिषद बिजुरी अंतर्गत वार्ड क्रमांक 15 भगता में स्थानीय लोगों द्वारा थाना प्रभारी बिजुरी का पुतला दहन किया गया है। साथ ही टीआई बिजुरी मुर्दाबाद और थाना बिजुरी हाय हाय के नारों की गूंज समूचे नगर में है। हर गली हर चौक में चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर यह शर्म की बात है कि न्याय नहीं मिलने पर पीड़ित परिवार इतना आक्रोशित है कि उसने यह कदम उठाया है। वहीं दूसरी ओर बिजुरी पुलिस के इस रवैये से पूरे अनूपपुर जिले की पुलिस एवं पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के नाम पर मुर्दाबाद के नारे लग रहे हैं जिसका मुख्य कारण बिजुरी थाना प्रभारी की मनमानी कार्यशैली है जिससे पूरे जिले की पुलिस को यह सब सुनना पड़ रहा है जो कि अपने आप में चिंता का विषय है।

### मॉब लीचिंग का शिकार ही बन गया आरोपी



जब कानून व्यवस्था निष्पक्ष रूप से काम करने की बजाय दवाव में काम करना शुरू कर देती है तब पीड़ित समाज चौथा स्तम्भ से अपनी गुहार लगाता है। ऐसा ही उक्त मामले में जानकारी प्रेषित कर पीड़ित सुमित साहू के परिजनों ने न्याय की गुहार लगाई है। जहाँ बिजुरी पुलिस पर आरोपियों को संरक्षण देने की बात कहते हुए यह बताया गया कि घटना के कई दिनों बाद सामान्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। जिसका फायदा आरोपियों द्वारा उठाते हुए घटना के चार दिन बाद 16/10/2024 को एक नाबालिक युवती के माध्यम से सुमित साहू पर छेड़खानी की शिकायत अजाक थाने अनुपपुर में कराई गई है। जिसमे 16/10/2024 को ही धारा 354, 7/8 पॉक्सो एक्ट, 294, 3(1) द,ध व एट्रोसिटी एक्ट के तहत सुमित साहू पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### यह है पूरा मामला




दरअसल 12 अक्टूबर दशहरा के दिन दशहरा मैदान भगता में मॉब लीचिंग का शिकार हुए भगता निवासी सुमित साहू को इतनी गंभीर चोटें आई हैं कि वह अपने जीवन की जंग लड़ रहा है। प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं कि इतनी बेरहमी से सुमित को मारने वालों ने तो उसे जान से मारने का इरादा बनाकर ही आये थे लेकिन वहाँ सैकड़ों लोग उपस्थित थे इसलिए वो अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो पाए। बावजूद इसके जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक रोहित महरा और उसके आधा दर्जन से ज्यादा सहयोगी इस कदर सुमित पर टूट पड़े की कुछ मिनटों में ही उसे अधमरा कर वहाँ से भाग निकले। जिसके बाद गम्भीर रूप से घायल युवक को परिजन अस्पताल पहुंचे। अस्पताल की जानकारी पर जब तक बिजुरी पुलिस घायल युवक सुमित के बयान लेने पहुंचती है तब तक गम्भीर रूप से घायल युवक को शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जाता है। वही उक्त मामले में घायल युवक की मामी की शिकायत पर बिजुरी थाने में घटना के चौथे दिन 16/10/2024 को रोहित महरा, रितेश महरा, गणेश महरा सभी निवासी समनाटोला पर फरियादिया की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 248/24 धारा 296, 115(2), 351(3) 3(5) बीएनएस कायम किया जाकर विवेचना में लिया जाता है। जबकि परिजनों की मांग है कि मारपीट करने वाले सभी 20 से 30 लोगो पर धारा 307 का अपराध दर्ज कर गिरफ्तारी की जाए।

### नहीं लिखी गई रिपोर्ट,भगा दिया थाने से...

बिजुरी पुलिस अपनी कार्यशैली से आजकल आए दिन समूचे जिले में शुर्खिया बटोर रही है। चाहे वह रेत माफियाओं से सांठगांठ का ऑडियो हो या जिला बदर अपराधी को पैसे लेकर छोड़ देने की शिकायत हो या फिर खादी के दबाव में पीड़ित को ही आरोपी बना देने पर परिजनों द्वारा न्याय की गुहार लगाने की बात हो। जहाँ उक्त मामले में घायल युवक सुमित साहू के परिजन मामा गंगाराम साहू निवासी भगता ने पत्र लिखकर थाना बिजुरी के सहायक उपनिरीक्षक उदय प्रजापति के द्वारा माँ बहन की गाली देते हुए थाने से भगा देने, आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट नहीं लिखने एवं फरियादी को थाने से भगाये जाने पर विधि संगत कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### मंत्री जी के गृह ग्राम में लॉ एण्ड ऑर्डर ध्वस्त

कहावत है कानून के हाथ बहुत लंबे होते हैं मगर ये हाथ कभी कभी जानबूझकर आरोपियों के गिरहबान तक पहुंचना नहीं चाहते या पहुंचकर भी किसी मजबूरी या राजनैतिक दवाव में आरोपियों को ही संरक्षण देने का काम करते हैं। मजबूरन पीड़ित परिवार का जब कानून व्यवस्था से भरोसा उठ जाता है तब वो न्यायपालिका की शरण मे जाने को मजबूर होता है। बहरहाल उक्त मामले में बिना किसी दवाव व निष्पक्ष कार्यवाही की बात तो कही जा रही है साथ ही यह चर्चा है कि कुछ लोगो द्वारा पीड़ित परिवार को उकसाकर बेवजह मामले को गलत ढंग से तूल देने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि नाबालिक युवती द्वारा पीड़ित सुमित साहू पर छेड़खानी की शिकायत अजाक थाने में की गई है जहाँ युवती की शिकायत पर अजाक थाने में एफआईआर दर्ज है।

## छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार पद्मश्री अनुज शर्मा आज रामानुजनगर के पटना में देंगे रंगारंग प्रस्तुति


-संवाददाता-
सूरजपुर,27 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।



छत्तीसगढ़ के लोक कलाकार व धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा जिले के रामानुजनगर विकास खंड के पटना (कोट) के सांस्कृतिक कार्यक्रम मे शामिल होने पहुंच रहे हैं। प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी के आग्रह पर अनुज शर्मा विधायक के गृह ग्राम पटना (कोट) के बाजार मैदान में अपनी टीम के साथ शानदार प्रस्तुति देंगे। विधायक अनुज शर्मा आज शाम 05 बजे विश्राम गृह रामानुजनगर पहुंचेंगे तत्पश्चात रात्रि 09 बजे पटना बाजार मैदान मे आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम मे शामिल होकर रंगारंग प्रस्तुति देंगे।सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन को लेकर बाजार मैदान में आयोजन समिति द्वारा जोरशोर से तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। सरगुजा अंचल मे लोक कलाकार अनुज शर्मा की खासी लोकप्रियता है जिसे लेकर आयोजकों को भारी भीड़ जुटने की उम्मीद है।कार्यक्रम को लेकर बाजार मैदान में एक बड़ा मंच तैयार किया गया है जहाँ अनुज शर्मा की टीम के 35 से अधिक कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। वहीं बड़ी संख्या मे जुटने वाले दर्शकों के लिए बैठने की व्यवस्था व सुरक्षा इंतजार दुरुस्त किया गया है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक भूलन सिंह मरावी, पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल,वरिष्ठ भाजपा नेता भीमसेन अग्रवाल सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

## शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न कर पटवारी के साथ मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

-संवाददाता-
सूरजपुर,27 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।



हल्का पटवारी ओमप्रकाश सिंह नेताम ने चौकी बसदेई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 22.10.2024 को सुबह करीब 8 बजे ग्राम जूर अपने नियमित कार्य के लिए गया था जहां दुर्गा पण्डाल के पास ग्रामवासियों एवं अपने स्टाफ के साथ बैठकर शासकीय कार्य कर रहा था कि दोपहर में ग्राम जूर का दीप नारायण साहू वहां पर आया और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए धक्का मुक्की कर डण्डा व पत्थर से मारकर ब्रेजा कार के सामने का कांच तोड़ दिया। ओमप्रकाश की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 457/24 धारा 296(बी), 221, 132, 121(1), 324(2) बीएनएस व एसटीएससी एक्ट की धारा 3(1)(आर)(एस) का मामला पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर (भापुसे) ने मामले को गंभीरता से लेते हुए घटना को अंजाम देने वाले गुण्डा बदमाश आरोपी को जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो के मार्गदर्शन में पुलिस के द्वारा गुण्डा बदमाश आरोपी दीप नारायण साहू पिता हरिनाथ साहू उम्र 46 वर्ष ग्राम जूर को पकड़ा। पूछताछ पर उसने बताया कि शासकीय कार्य निष्पादन के दौरान दुर्गा पण्डाल के पास अपने पुराने रंजीश को लेकर घटना को अंजाम दिया और कार के शीशा को तोड़ दिया। मामले में आरोपी दीपनारायण साहू को विधिवत् गिरफ्तार किया गया है। कार्यवाही सीएसपी एस.एस.पैंकरा के मार्गदर्शन में चौकी बसदेई की पुलिस टीम सक्रिय रही। आरोपी दीपनारायण साहू चौकी बसदेई क्षेत्र का गुण्डा बदमाश है जिसके विरूद्ध मारपीट, छेड़छाड़, बलवा, जुआ सहित प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कुल 10 प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई है।

## एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने थाना-चौकी का किया निरीक्षण

### फरियादी के थाना आने पर सम्मान के साथ बैठाकर समस्या सुनकर करें जल्द निराकरण, गुंडा-निगरानी बदमाश पर सतत निगरानी बनाए रखने के दिए सख्त निर्देश

-संवाददाता-
सूरजपुर,27 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।






थाना-चौकी क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, लंबित मामलों का जायजा लेने, जिले की पुलिसिंग में कसावट लाने तथा मैदानी क्षेत्र के थानों का जायजा लेने नवपदस्थ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर (भापुसे) थाना झिलमिली, ओड़गी व चौकी कुदरगढ़ पहुंचे। एसएसपी सूरजपुर श्री ठाकुर ने क्षेत्र में अपराधों पर नियंत्रण की तैयारी/कार्यवाही की जानकारी थाना-चौकी प्रभारियों से ली। वहीं चेतावनी दी कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारी के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

थाना-चौकी पहुंचते ही एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने वहां परिसर का विधिवत निरीक्षण किया, थाना-चौकी में संधारित विभिन्न पंजियों जैसे तैनाती रजिस्टर, जरायम पंजी, दैनिक डायरी, बंदी-गृह मालखाना, शत्रागार के साथ-साथ सीसीटीएनएस कक्ष का अवलोकन किया। औचक निरीक्षण के दौरान एसएसपी द्वारा थाना-चौकी प्रभारी सहित समस्त स्टॉफ को निर्देशित किया कि ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें, निरंतर गस्त व पेट्रोलिंग करने के साथ-साथ थाना क्षेत्र अंतर्गत असमाजिक तत्वों जैसे गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश जैसे संदिग्धो पर सतत निगरानी बनाए रखने सख्त निर्देश दिए। लंबित प्रकरणों का यथाशीघ्र निकाल करने एवं समंस-वारंट की तामिली समय-सीमा में करने निर्देश दिए। एसएसपी द्वारा निर्देशित किया गया कि गंभीर अपराध, गुम बालक-बालिकाओ, चिटफंड जैसे मामलों में थाना प्रभारी स्वयं विवेचना करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने वारंटियों की गिरफ्तारी में तेजी लाने को कहा। उन्होंने पुलिस अधिकारी व जवानों को कहा कि आमजनता को पुलिस से आशा रहती है कि उनके समस्याओं का त्वरित निराकरण हो इस दिशा में तत्परता से कार्य करे,थाने में फरियाद लेकर आने वाले सभी नागरिकों को सम्मान के साथ बैठाए और उनकी समस्याओं को शालीनतापूर्वक सुनकर जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी व थाना-चौकी प्रभारीगण मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए लक्ष्य का शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने कलेक्टर ने दिया निर्देश

-संवाददाता-
कोरबा,27 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।



कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए लक्ष्य का शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने के निर्देश दिए। जिले में डायरिया, डेंगू, मलेरिया व अन्य मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होने जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं का समुचित क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस एन केशरी तथा समस्त कार्यक्रम नोडल अधिकारी, जिला आयुर्वेद अधिकारी, डब्लूएचओ के एसएमओ, डीपीएम,समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी, समस्त बीपीएम एवं विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। समीक्षा के दौरान सीएमएचओ डॉ केशरी द्वारा समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लक्ष्य एवं उपलब्धि की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने सभी चिकित्सा अधिकारियों को अपने ड्यूटी टाइम में चिकित्सालय में उपस्थित रहकर मरीजों का इलाज करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीवीटीजी बसाहटों में लगातार 2-3 माह तक स्वास्थ्य शिविर लगाकर उन्हें स्वास्थ्य लाभ पहुचाने के निर्देश दिए। शिविर में उनका आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण, खून, शुगर, बीपी की जांच, आयुष्मान कार्ड निर्माण आदि जैसे अनेक स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं से लाभांवित करने के लिए कहा। इन बसाहटों में टीबी मरीजों का कांटेक्ट ट्रेसिंग कर उन्हें दवाइयां, निक्षय मित्रों से अटैच करने तथा टेस्ट का रेशियो पूरा करने की बात कही। उन्होने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में दी गई एंबुलेंस का संचालन नियमित से करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अंतर्गत दी जाने वाली विभिन्न प्रकार की टीका, कुष्ठ उन्मूलन, क्षय रोग, टी.बी., हाइपरटेंशन, अंधत्व निवारण, कृमिनाशक एवं विटामिन दवा, मनोरोग चिकित्सा, लैब आन व्हील्स कार्यक्रम की भी समीक्षा करते हुए योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने सभी योजनाओं का शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु सभी अधिकारियों को व्यक्तिगत रुचि लेकर कार्य करने के निर्देश दिए।

### श्रीमती चंद्रावती सोनी का निधन



सूरजपुर,27 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।
नगर के नवापारा निवासी प्रतिष्ठित नागरिक एवं सेवानिवृत शिक्षक नथुनी प्रसाद सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रावती सोनी का हृदयगति रुकने के कारण शनिवार को निधन हो गया । उनका अंतिम संस्कार स्थानीय रेणुका नदी तट स्थित मुक्तिधाम में रवि वार को किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। स्व श्रीमती सोनी जिला निर्वाचन कार्यालय में पदस्थ प्रदीप सोनी की माता थी।

## राष्ट्र निर्माण में पुलिस की भूमिका विषय पर कोरबा पुलिस द्वारा स्कूल एवं कोलेज मे प्रतियोगिता आयोजित



-संवाददाता-
कोरबा 27 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।
पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार पुलिस स्मृति दिवस (21 अक्टूबर) से राष्ट्रीय एकता दिवस (31 अक्टूबर) तक पुलिस झंडा दिवस के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर जिले के शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। जिसमें आज पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन पर स्कूल/कॉलेज में चित्रकला, वाद विवाद, मेहंदी, निबंध और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल सीतामढ़ी और शासकीय पीजी कालेज कोरबा में आज 'राष्ट्र निर्माण में पुलिस की भूमिका' विषय में विभिन्न प्रतियोगिताएँ जैसे चित्रकला, वाद विवाद, मेहंदी, निबंध और रंगोली का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विधार्थी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया । पीजी कॉलेज में शस्त्र और उपकरण की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। कोरबा जिले के 12 शहीद जवानों के योगदान को याद करते हुए उनको याद किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

CMYK

### अभी तक आपने सरकार का बुलडोजर चलते देखा था आरोपी के मकान पर या फिर सरकार की विरोधियों पर

# इस बार गुंडे ही चला रहे बुलडोजर अपने विरोधियों पर

## बिना अनुमति निर्माणाधीन मकान पर जेसीबी से तोड़फोड़,मारपीट और धमकी,लाखों का नुकसान...कार्रवाई सिर्फ प्रतिबन्धात्मक







-संवाददाता-
मनेंद्रगढ़ 27 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

इस समय अजीबो-गरीब स्थिति निर्मित हो गई जहां सरकार आरोपियों के मकान पर बुलडोजर चलती थी यहां तक की सरकार विरोधियों पर भी बुलडोजर चला था पर इस बार निजी व्यक्ति ही अपनी गुंडागर्दी दिखाते हुए बुलडोजर चलाता दिखा, जिला मुख्यालय के सिटी कोतवाली क्षेत्र में चौंकाने वाली घटना सामने आई है। वार्ड नंबर 16, आमाखेरवा निवासी सतीश,जो विद्युत विभाग में प्राइवेट ठेकेदार का कार्य करते हैं ने बताया कि उनका निर्माणाधीन मकान अजीत सिंह नामक व्यक्ति द्वारा बिना अनुमति के जेसीबी मशीन से तोड़ दिया गया। घटना के मुताबिक,दिनांक 25 अगस्त 2021 को खसरा नंबर 315/4,रकबा 0.048 हेक्टेयर यानी करीब 400 वर्ग फुट जमीन पर सतीश ने अजीत सिंह से 26 लाख 50 हजार रुपये में एकरारनामा किया था। इस सौदे में सतीश ने अजीत सिंह को 12 लाख रुपये अग्रिम तौर पर नगद दिए थे, जबकि बाकी रकम रजिस्ट्री के समय देने का समझौता हुआ था। तब से सतीश अपने अधूरे मकान में परिवार सहित रह रहे थे। 26 अक्टूबर 2024 को सतीश जब सैलून में थे, तभी पड़ोसी नीलम वासवानी ने फोन पर सूचना दी कि उनके मकान को जेसीबी मशीन से तोड़ा जा रहा है। सूचना मिलते ही सतीश मौके पर पहुंचे, तो देखा कि अजीत सिंह और उनके दो बेटे, भतीजे तथा 4-5 अन्य साथी मिलकर जेसीबी से उनके मकान को तोड़ रहे हैं। सतीश ने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया तो उन लोगों ने न केवल गाली-गलौज की बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। सतीश के अनुसार उन लोगों ने हाथ-मुक्कों से मारपीट की और यहां तक कि घर के अंदर घुसकर भी उन्हें पीटा। जेसीबी से हुए तोड़फोड़ के कारण मकान के अंदर रखे विद्युत उपकरण और अन्य सामान को भारी नुकसान पहुंचा,जिससे करीब 5 लाख रुपये की क्षति का अनुमान है। आसपास के लोग बीच-बचाव में आए और किसी तरह सतीश की जान बचाई। इस घटना के बाद सतीश ने सिटी कोतवाली मनेंद्रगढ़ में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने घटना को गंभीरता से लेते हुए अजीत सिंह को तत्काल गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि अजीत सिंह शोरूम व्यवसाय है। पुलिस ने जेसीबी मशीन को भी जप्त कर लिया है। सिटी कोतवाली के थाना प्रभारी सुनील तिवारी ने आश्वासन दिया कि इस घटना में शामिल सभी दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और शांति व्यवस्था को बनाए रखा जाएगा। लोग प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि इस तरह की दबंगई और गैरकानूनी कृत्यों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अजीत सिंह पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया।

# भाजपा ने नगर पंचायत पटना का चुनाव हेतु वर्किंग कमेटी बनाई

-संवाददाता-
कोरिया/पटना 27 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

भाजपा ने नगर पंचायत पटना का चुनाव हेतु वर्किंग कमेटी बनाई। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा नगर पंचायत पटना की चुनाव तैयारी हेतु वर्किंग कमेटी बनाया गया। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान विधायक भैयालाल राजवाड़े के सहमति से भाजपा के जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल के द्वारा पटना नगर पंचायत चुनाव तैयारी हेतु 6 सदस्यों का एक वर्किंग कमेटी मनाया गया है जो चुनाव से संबंधित जो भी कार्य हैं उसको वर्किंग कमेटी में चर्चा उपरांत तय कर क्रियान्वयन करने के लिए अधिकृत किया गया है।



| वर्किंग कमेटी के सदस्यों के नाम इस प्रकार है |
|---|
| कपिल जायसवाल मंडल अध्यक्ष |
| जवाहरलाल गुप्ता पूर्व जिला अध्यक्ष |
| रविशंकर शर्मा पूर्व जिला उपाध्यक्ष |
| राजेश सोनी पूर्व मंडल अध्यक्ष |
| रितेश सिंह मंडल उपाध्यक्ष |
| शंकर सोनी जिला संयोजक झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ। |

# कलेक्टर रोहित व्यास को दी गई भावभीनी विदाई






-संवाददाता-
सूरजपुर,27 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

शासन के नवीनतम आदेश के तहत् सूरजपुर जिले के कलेक्टर रोहित व्यास का स्थानांतरण जिला जशपुर हो गया है। इस कारण आज जिला प्रशासन सूरजपुर द्वारा कलेक्टर रोहित व्यास को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास की धर्मपत्नी श्रीमती गीतांजलि यति भी मौजूद रहीं। इस दौरान उनके द्वारा जिले के विकास के लिये किए गये नवाचार, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए उठाये गये महत्वपूर्ण कदम का उल्लेख किया गया। अपने विदाई के अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास ने भी जिला प्रशासन की पूरी टीम को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और पूरी निष्ठा व लगन के साथ आगे भी कार्य करने की सलाह दी, जिससे कि आमजन के बीच शासन व प्रशासन की सकारात्मक छवि का निर्माण हो। जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदिनी साहू ने भी अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कलेक्टर रोहित व्यास की कार्यशैली, कर्मठता, समर्पण व सशक्त मार्गदर्शन से जिले के सतत विकास की दिशा में निरंतर कार्य किया गया है। शासकीय सेवा में स्थानांतरण एक प्रक्रिया है, जिसके तहत् कलेक्टर सर का स्थानांतरण जिला जशपुर हुआ है।उनके उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता, मार्गदर्शन एवं नवाचार से जिस प्रकार सूरजपुर जिले ने सफलता के नये आयाम स्थापित किए है उसी के तर्ज पर उनका जशपुर कलेक्टर बनना जशपुर जिले के विकास को सकारात्मक दिशा देगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर ने कलेक्टर रोहित व्यास के द्वारा किए गए कार्यों को उल्लेखित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिवानी जायसवाल ने कहा कि उनके धैर्य एवं संतुलित व्यवहार के लिए याद किया जाएग, विदाई समारोह में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कलेक्टर श्री रोहित व्यास को उनके नये दायित्व व जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी।

### ग्रैंड केम्प फायर में मुख्यातिथि रहे मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े

# भारत स्काउट गाइड जिला संघ सूरजपुर का तृतीय सोपान शिविर सम्पन्न





-संवाददाता-
सूरजपुर,27 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

भारत स्काउट गाइड सूरजपुर का तृतीय सोपान पांच दिवसीय शिविर जिला स्काउट पदेन कमिश्नर रामललित पटेल के आदेशानुसार ओड़गी विकास खंड के कुदरगढ़ में आयोजित किया गया था जिसके समापन व ग्रैंड केम्प फायर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ठाकुर प्रसाद राजवाड़े मंत्री प्रतिनिधि, विशिष्ट अतिथि राम कुमार बनछोर, कृष्णा गोयल, विभीषण यादव जिला महामंत्री किसान मोर्चा, केशव प्रसाद सिंह, महामंत्री भाजपा मण्डल ओडगी, प्रवीण कुमार गुर्जर, महामंत्री भाजपा मण्डल ओडगी, शिवकुमार राजवाड़े अध्यक्ष किसान मोर्चा, सरिता गुप्ता महामंत्री महिला प्रकोष्ठ, बृजेश कुमार काशी, अमित कुमार ने, प्रदीप कुमार सिंह प्राचार्य शाउमावि ओडगी, दिवाकर प्रसाद जायसवाल संकुल समन्वयक धूर उपस्थित रहे। ग्रैंड केम्प फायर के प्रारंभ में सबसे पहले चारों दिशाओं के संदेश वाहकों का संदेश लेकर मेगा शिविर ज्वाल किया गया।

ज्ञात हो कि भारत स्काउट गाइड का तृतीय सोपान शिविर में प्रशिक्षक टीम ने स्काउट गाइड को स्काउटिंग से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण जानकारी नियम, प्रतिज्ञा, ड्रेस बैच, दिशा ज्ञान, झंडा गीत, अनुमान लगाना, फर्स्ट एड बॉक्स, नॉटिंग लेसिंग जैसे अनेक जानकारियों से अवगत कराया गया जो सीधे उनके जीवन शैली से जुड़ा हुआ है। जिससे स्काउट गाइड अपने जीवन में सफल होंगे व आत्मनिर्भर बनेंगे। ग्रैंड केम्प फायर में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े ने स्काउट गाइड को अपने उद्बोधन में कहा यह शिविर सिर्फ एन्जॉय करने का केंद्र नहीं है बल्कि ये शिविर में आपके व्यक्तित्व का विकास होता है, मानवीय मूल्यों का निर्माण होता है, आपमें अनुशासन आता है इसमें अपने स्किल को बढ़ाने का मौका मिलता है। इस ग्रैंड केम्प फायर के दौरान स्काउट गाइड ने अनेक कल्चरर कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी जो हमारे छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बढ़ावा देती है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान स्काउट के द्वारा मीनार, व आपातकालीन में घायलों को उपचार के लिए अस्पताल तक बिना संसाधनों के कैसे पहुंचाया जाता है इसका प्रदर्शन किया गया। शिविर संचालक रामदत्त पटेल ने कहा यह हमारे लिए चुनौती भरा शिविर था जिले के लगभग 500 स्काउट गाइड शामिल थे अभाव में भी हम सबने इस कार्यक्रम को सफल बनाया। व्यवस्थापक उमेश गुर्जर ने कहा इस तृतीय सोपान शिविर में जिले के प्राचार्यों सहित स्काउटर गाइडडर ने भी रुचि दिखाई और इस शिविर में अधिक संख्या में स्काउट गाइड शामिल होकर गतिविधियों को सीखे हैं। मुख्य जिला प्रशिक्षक गोवर्धन सिंह ने कहा इस शिविर में हम स्काउट गाइड को सुबह से लेकर शाम तक के अनेक जीवनपर्यंत काम आने वाली अनेक उपयोगी जानकरी दी है जिससे स्काउट गाइड आगे बढ़ते हैं। ओड़गी सचिव कुंजलाल यादव ने कहा स्काउट गाइड में आने से मैंने देखा है कि छात्रों के जीवन में परिवर्तन आता है जो समाज व परिवार में दिखता है। इस कार्यक्रम के बारे में जिला मीडया संचालक कृष्ण कुमार ध्रुव ने बताया स्काउट गाइड का मूलमंत्र समाज सेवा होता है। स्काउटिंग के चार उद्देश्य होते हैं जिसमें पहला चरित्र का गठन, दूसरा ध्वनि स्वास्थ्य की आदतों का निर्माण, तीसरी हस्तकला में प्रशिक्षण और उपयोगी कौशल प्राप्त करना और चौथा कुशलता से सेवा की एक उचित भावना की खेती है। इन लक्ष्यों के पीछा करने से स्काउट और गाइड में अच्छी नागरिकता का विकास होता है।

### श्रेष्ठ रोवर सर्विस को बीईओ ने पुरुस्कार देकर किया सम्मानित

ओड़गी बीईओ आलोक कुमार सिंह के द्वारा इस शिविर में अच्छा कार्य करने वालों को सम्मानित करने की नेक पहल की। इस शिविर में रोवर सर्विस के रूप में पांच दिनों तक पूरे शिविर के कार्यों को करने वाले 25 रोवर,रेंजरों को बेस्ट का सम्मान पुरुस्कार देकर किया गया। बीईओ आलोक कुमार सिंह ने कहा स्काउट हमेशा अच्छे राह की ओर ले जाता है। सभी स्काउट गाइड इससे जुडें और अपने जीवन में सांस्कारिक व व्यवहारिक परिवर्तन लाएं।

### इनकी रही उपस्थिति

इस कार्यक्रम के दौरान शिविर संचालक रामदत्त पटेल, व्यवस्थापक उमेश गुर्जर जिला सचिव, बलभद्र देवांगन जिला संगठन आयुक्त, गोवर्धन सिंह जिला काउंसलर, कुंजलाल यादव विख सचिव ओडगी,प्रेम सिंधु मिश्रा विख सचिव प्रतापपुर, अशोक दुबे विख सचिव भैयाथान,विनय तिवारी, रोवर लीडर, कृष्ण कुमार ध्रुव जिला मिडिया संचालक, कन्हैया लाल सोनी सहायक संगठन आयुक्त, रामकुमार कुशवाहा कब मास्टर, बुधराम पैकरा स्काउट मास्टर, मनोहर लाल दर्पण , चंद्रिका सिंह कब मास्टर, राकेश सिंह, भीम प्रसाद पैकरा, दिवाकर प्रसाद जायसवाल, अरूणा एक्का जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड, सरिता गोस्वामी जिला काउंसलर, अनामिका जिला सह सचिव, कौशिल्या मलिक, जिला काउंसलर, विनीता भगत जिला संगठन आयुक्त, ज्योत्सना कुशवाहा गाइड कैप्टन, रश्मि चौधरी गाइड कैप्टन, सभी विद्यालयों से आए प्रभारी स्काउटर गाइडर व स्काउट गाइड उपस्थित रहे।

# नई पीढ़ियों को अपने दादा-दादी व बुज़ुर्गों का सम्मान करना चाहिए:पॉल उदय

## केंद्रीय विद्यालय चिरमिरी में धूमधाम से बनाया गया दादा-दादी, नाना-नानी दिवस समारोह में बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया





-संवाददाता-
चिरमिरी 27 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

केंद्रीय विद्यालय चिरमिरी में शनिवार को दादा-दादी, नाना-नानी दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों के द्वारा दादा-दादी, नाना-नानी को तिलक और अक्षत लगाकर उनके स्वागत के साथ हुई। तत्पश्चात विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री पॉल उदय अरोंग के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। इसके उपरांत विद्यालय के प्राथमिक वर्ग के बच्चों ने शानदार स्वागत गीत दादाजी की छड़ी हूँ मैं गाने पर नृत्य करके बच्चों ने यह संदेश दिया कि उनके जीवन में दादा-दादी का होना कितना आवश्यक है। उनके बिना उनका बचपन अधूरा है और जब भी उनको सहारे की जरूरत पड़े तो हम बच्चों को उनकी छड़ी बनकर खड़ा होना चाहिए। इसी क्रम में प्राचार्य श्री अरोंग द्वारा स्वागत उद्बोधन में कार्यक्रम में मौजूद बच्चों के दादा-दादियों के प्रति सम्मान व कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि दादा-दादियों का स्नेह एवं आशीर्वाद बच्चों की असल पूँजी है। नई पीढ़ियों को अपने दादा-दादी व बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए। इस दौरान प्राचार्य ने इस बात पर विशेष ध्यान केंद्रित किया कि दादा-दादी एवं नाना-नानी द्वारा सिखाए गए जीवन के सबक किसी भी पुस्तकों को पढ़कर नहीं सीखा जा सकता है। वे अपने अनुभव और समझ की वजह से नई पीढ़ियों को आगे बढ़ाने में सदैव मार्गदर्शन करते हैं। इस दौरान दादा-दादी नाना नानी के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया इसमें विजयी होने वालों को प्रभारी प्रधानाध्यापिका श्रीमती आशा एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान कई दादा-दादी और नाना-नानी ने अपने जीवन के अनमोल अनुभव साझा किए साथ ही इस आयोजन के लिए विद्यालय परिवार का आभार जताते हुए ऐसे आयोजन आगे भी करते रहने का आग्रह किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुश्री बी नागवंशी, सुश्री सुमन, सुश्री प्रतिष्ठा त्रिपाठी, सुश्री सविता, संजय कुमार,अमित कुमार, सुमित समेत प्राथमिक वर्ग के सभी शिक्षकों, शिक्षिकाओं का इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन सुश्री कोमल शर्मा एवं आभार प्रदर्शन प्रभारी प्रधानाध्यापिका श्रीमती आशा द्वारा किया गया।बच्चों को बुजुर्गों की सेवा करके आशीर्वाद लेने प्रेरित किया- इस दौरान प्राइमरी सीसीए प्रभारी सुश्री कोमल शर्मा ने दादा- दादी और नाना- नानी को परिवार का संरक्षक बताते हुए समाज में उनकी चिर प्रासंगिकता के महत्व को रेखांकित कर आज के परिपेक्ष्य में बुजुगों की अहमियत पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को बुजुर्गों की सेवा करके आशीर्वाद लेने हेतु प्रेरित किया।

# सीरीज हारने के बाद टीम इंडिया की बढ़ गई मुश्किलें

## » डब्ल्यूटीसी फाइनल में जाने का बचा अब सिर्फ ये रास्ता

**नई दिल्ली, 27 अक्टूबर 2024।** न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में टीम इंडिया को शर्मनाक 113 रनों से हार झेलनी पड़ी। भारतीय टीम के धुरंधर बल्लेबाज न्यूजीलैंड के स्पिनर्स के सामने धराशायी हो गए और रन बनाने के लिए जूझते हुए नजर आए। रन बनाना तो दूर बल्लेबाज क्रीज पर भी टिकने के लिए तरसते रहे। भारतीय टीम को न्यूजीलैंड ने जीतने के लिए 359 रनों का टारगेट दिया, जिसके जवाब में भारतीय टीम सिर्फ 245 रन ही बना सकी। बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन का खामियाजा टीम को हारकर चुकाना पड़ा। हार से टीम को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने को भी तगड़ा झटका लगा है। अब डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की उसकी डगर कठिन हो गई है।

### पहले नंबर पर मौजूद है भारतीय टीम



वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की प्वाइंट्स टेबल में टीम इंडिया पहले पायदान पर मौजूद है। टीम ने अभी तक कुल 13 टेस्ट मुकाबले खेले हैं, जिसमें से 8 में जीत हासिल की है और चार हारे हैं। उसका पीसीटी 62.82 है। न्यूजीलैंड से मिली हार से टीम इंडिया को पीसीटी में नुकसान हुआ है। दूसरे मैच से पहले उसका पीसीटी 68.06 था। प्वाइंट्स टेबल में ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरे नंबर पर मौजूद है। टीम का पीसीटी 62.50 है।

### भारत ने दो बार बनाई फाइनल में जगह

भारतीय टीम ने पिछले दो डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाई थी। लेकिन दोनों बार भारतीय टीम को हार का मुंह देखना पड़ा। एक बार न्यूजीलैंड ने और एक बार ऑस्ट्रेलिया ने उसका खिताब जीतने का सपना तोड़ दिया। लेकिन टीम इंडिया अभी भी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच सकती है। भारतीय टीम के 6 टेस्ट मैच बचे हुए हैं, जो उसे न्यूजीलैंड (एक टेस्ट मैच) और ऑस्ट्रेलिया (पांच टेस्ट मैच) के खिलाफ खेलने हैं। खास बात ये है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज उसी की धरती पर खेलनी है। जहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीतना टीम इंडिया के लिए बिल्कुल आसान नहीं होगा।

### चार टेस्ट मैच जीतकर बन सकता है काम

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 के फाइनल में पहुंचने के लिए टीम इंडिया को अपने बचे हुए 6 टेस्ट मैचों में चार हर हाल में जीतने होंगे। अगर टीम इंडिया एक टेस्ट मैच ड्रॉ करवा लेती है, तो उसका पीसीटी 65.79 हो जाएगा, जो फाइनल में पहुंचने के लिए काफी होगा। यानी टीम इंडिया को अगर फाइनल में पहुंचना है, तो न्यूजीलैंड के खिलाफ बचा हुआ टेस्ट और ऑस्ट्रेलिया की धरती पर तीन जीतने ही होंगे। तभी उसका काम बन पाएगा।

## संक्षिप्त खेल की खबरें

### रोहित-विराट जैसे सीनियर्स की भी दीवाली छुट्टी कैंसिल



**नईदिल्ली, 27 अक्टूबर 2024।** न्यूजीलैंड के साथ खेली जा रही टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया हार गई है. अब सीरीज का तीसरा व आखिरी मैच 1 नवंबर से खेला जाने वाला है। इस बीच सूत्रों के हवाले से खबर सामने आ रही है कि टेस्ट सीरीज हारने के बाद भारतीय टीम मैनेजमेंट काफी स्ट्रिक्ट हो गया है और 30-31 अक्टूबर को प्रैक्टिस सेशन अटैंड करना सभी के लिए कंपलसरी कर दिया गया है। ऐसे में दीवाली पर रोहित शर्मा और विराट कोहली सहित पूरी टीम प्रैक्टिस करेगी, किसी को भी आराम नहीं दिया जाएगा।

### गेंद के घूमने पर इंग्लैंड की टीम असमंजस में पड़ीः हुसैन



**नईदिल्ली, 27 अक्टूबर 2024।** पाकिस्तान में इंग्लैंड की 2-1 से टेस्ट सीरीज़ हार पर विचार करते हुए, पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि बेन स्टोक्स की अगुआई वाली टीम स्पिन और पकड़ी हुई गेंदों का सामना करते समय बल्ले और गेंद दोनों से थोड़ी खोई हुई दिखी। रावलपिंडी में तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन, इंग्लैंड 112 रन पर आउट हो गया, क्योंकि पाकिस्तान ने आखिरकार 36 रनों का पीछा करते हुए नौ विकेट से मैच जीत लिया और 2021 के बाद से अपनी पहली घरेलू सीरीज़ जीत हासिल की। मुल्तान में सपाट पिच पर सीरीज़ का पहला मैच जीतने के बाद इंग्लैंड 1-0 से आगे था, लेकिन स्पिन की अनुकूल परिस्थितियों में अगले दो मैच हार गया।

## फुटबॉल मैत्रीपूर्ण मैच में डच महिलाओं ने इंडोनेशिया पर 15-0 से रिकॉर्ड जीत दर्ज की

**द हेग (नीदरलैंड), 27 अक्टूबर 2024।** डच महिला फुटबॉल टीम ने नीदरलैंड के गेल्डरलैंड के एक नगर पालिका डोएटिनचेम में आयोजित मैत्रीपूर्ण मैच में इंडोनेशिया के खिलाफ रिकॉर्ड 15-0 की जीत के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

नीदरलैंड की महिला टीम फीफा विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर है, जबकि इंडोनेशिया 104वें स्थान पर है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हाफटाइम तक स्कोर 6-0 था और मैच में अंतिम स्कोर 15-0 हो गया।

डच कोच एंड्रीज जोंकर ने दो नवोदित खिलाड़ियों, नीना निजस्टैड और लोटे केयूकेलार को शामिल किया, जिन्होंने दो-दो गोल करके प्रभाव डाला।डच ने कुल 73.8 प्रतिशत बॉल पोजेशन का आनंद लिया और इंडोनेशियाई लड़कियों द्वारा 1 के मुकाबले गोल पर 63 शॉट लगाने का प्रयास किया। उनके प्रतिद्वंद्वियों के एक भी शॉट के मुकाबले उनके 27 शॉट निशाने पर थे।



इस मैच से पहले, डच टीम की सबसे बड़ी जीत 2009 में उत्तरी मैसिडोनिया के खिलाफ 13-1 की जीत थी। उन्होंने 1977 में इजराइल (12-0) और 2022 में साइप्रस (12-0) के खिलाफ 12 गोल के अंतर से उल्लेखनीय जीत भी दर्ज की थी।

फुटबॉल देश के पसंदीदा खेलों में से एक होने के बावजूद, इंडोनेशिया की राष्ट्रीय टीमें एशिया की सबसे मजबूत टीमों में से नहीं हैं, खासकर इसकी महिला टीम।

इंडोनेशिया में महिला फुटबॉल की कोई परंपरा नहीं है और पुरुष टीम के विपरीत, यह काफी पिछड़ा हुआ है, जिसकी टीम एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) रैंकिंग में निचले पायदान पर है।

## पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड क्रिकेट बोर्ड ने फखर जमान और शाहीन अफरीदी को केंद्रीय अनुबंध से किया अपमानित

**इस्लामाबाद, 27 अक्टूबर 2024।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हाल ही में 2024-25 सत्र के लिए अपने केंद्रीय अनुबंधों की घोषणा की है। शान मसूद की कप्तानी में पाकिस्तान ने हाल ही में इंग्लैंड को घरेलू टेस्ट सीरीज में 2-1 से हराया। यह पाकिस्तान द्वारा महीनों तक झेले गए विवादों और अपमान के बाद हुआ है। पीसीबी के साथ हालात वैसे तो ठीक नहीं लग रहे हैं, लेकिन उन्होंने कुछ ऐसे फैसले लिए हैं जो उनके स्टार खिलाड़ियों शाहीन अफरीदी और फखर जमान के लिए बड़ा झटका हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हाल ही में अपने दिग्गज खिलाड़ियों बाबर आजम और शाहीन अफरीदी को इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में टेस्ट टीम से बाहर करने का बड़ा फैसला लिया।

इंग्लैंड बनाम पाकिस्तान सीरीज के पहले टेस्ट में शर्मनाक हार के बाद पीसीबी ने बाबर और शाहीन को बाहर कर दिया और इससे उन्हें बहुत फायदा हुआ। बाबर को टेस्ट टीम से बाहर किए जाने से फखर जमान बहुत नाराज हैं, जिन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की खुलकर आलोचना की।. पीसीबी ने बाद में ज़मान के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया और परिणामस्वरूप, उन्हें केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से बाहर कर दिया गया। फ़ख़र पाकिस्तान के 2023-24 केंद्रीय अनुबंधों में श्रेणी बी के खिलाड़ी थे। उल्लेखनीय है कि शाहीन अफ़रीदी को भी पिछले साल की तुलना में श्रेणी ए से श्रेणी बी में स्थानांतरित कर दिया गया है।



## भारत के रिजर्व तेज गेंदबाजों को कम नहीं आंकेगेः मैकडोनाल्ड

**सिडनी, 27 अक्टूबर 2024।** आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड का मानना है कि अगले महीने से शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के दौरान भारत को मोहम्मद शमी की बहुत कमी खलेगी लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी टीम इस अनुभवी तेज गेंदबाज की जगह लेने वाले तेज गेंदबाजों को कम नहीं आंकेगी। शमी ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वह टखने की चोट के कारण पिछले साल नवंबर में वनडे विश्व कप फाइनल के बाद से नहीं खेले हैं। उनका ऑपरेशन किया गया। इसके बाद वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में थे। हाल में उनके घुटनों में सूजन आ गई जिससे उनकी पूर्ण फिटनेस हासिल करने की प्रक्रिया प्रभावित हुई।

## पीसीबी ने सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट का किया ऐलान, 5 नए खिलाड़ी शामिल

**नईदिल्ली, 27 अक्टूबर 2024।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने 2024-25 सीजन के लिए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की घोषणा कर दी है. जिसमें कुल 25 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। यह कॉन्ट्रैक्ट 1 जुलाई, 2024 से लागू हुआ। इस कॉन्ट्रैक्ट में पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम और विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान पर हैरान करने वाला फैसला लिया गया है। इन दोनों ही खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में सबसे अलग रखा गया।

पीसीबी ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट को कुल चार कैटेगरी में बांटा है. जिसमें ए, बी, सी और डी शामिल है। सबसे ऊंची ए कैटेगरी में सिर्फ बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को रखा गया. इसके अलावा नए जुड़े पांच खिलाड़ियों को डी कैटेगरी में शामिल किया गया है। नए खिलाड़ियों में, खुर्रम शहजाद, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद अली, मोहम्मद इरफान खान और उस्मान खान को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का हिस्सा बनाया गया है।



वहीं शाहीन अफरीदी, नसीम शाह और टेस्ट कप्तान शान मसूद जैसे स्टार खिलाड़ियों को बी कैटेगरी में रखा गया। इसके अलावा कुछ स्टार खिलाड़ी सी कैटेगरी का हिस्सा बनाया गया है।

सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट वाले खिलाड़ियों की लिस्ट और कैटेगरी ए कैटेगरी (2 खिलाड़ी)- बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान. बी कैटेगरी (3 खिलाड़ी)- नसीम शाह, शाहीन शाह अफरीदी और शान मसूद. सी कैटेगरी (9 खिलाड़ी)-अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, हारिस रऊफ, नोमान अली, सईम अयूब, साजिद खान, सलमान अली आगा, सऊद शकील और शादाब खान. डी कैटेगरी (11 खिलाड़ी)- आमिर जमाल, हसीबुल्लाह, कामरान गुलाम, खुर्रम शहजाद, मीर हमजा, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद अली, मोहम्मद हुरैरा, मुहम्मद इरफान खान, मोहम्मद वसीम जूनियर और उस्मान खान.




## ऑगर-अलियासिमे पीठ की चोट के कारण पेरिस मास्टर्स से हटे

**पेरिस, 27 अक्टूबर 2024।**कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे ने पीठ की चोट के कारण पेरिस मास्टर्स से नाम वापस लेने की घोषणा की है।ऑगर-अलियासिमे को पहले दौर में बेन शेल्टन से खेलना था, जिसमें विजेता को दूसरे दौर में दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जानिक सिनर से भिड़ना था।

## अमिताभ बच्चन ने पूरी की वरुण धवन की ख्वाहिश

### सुनाया वो सुपरहिट डायलॉग, जो कहलाया था ब्लॉकबस्टर

कौन बनेगा करोड़पति 16 में दिवाली स्पेशल एपिसोड होने वाला है, जिसमें खास मेहमान के तौर पर वरुण धवन और निर्देशक राज-डीके नजर आने वाले हैं। वरुण दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन के क्लासिक गानों और दिलचस्प खुलासे के अलावा अपने बेहतरीन डांस स्टेप्स से एपिसोड को रोशन करेंगे। केबीसी 16 का दिवाली एपिसोड में जबरदस्त धमाका होने वाला है। मेकर्स ने हाल ही में शो का नया प्रोमो शेयर किया है, जिसमें बिग बी वरुण धवन की ख्वाहिश पूरी करते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर अभिनेता का ये वीडियो खूब पसंद किया जा रहा है जो तेजी से वायरल हो रहा है।



### अमिताभ बच्चन से वरुण धवन-राज ने की ये मांग

कौन बनेगा करोड़पति 16 में दिवाली स्पेशल एपिसोड 30 अक्टूबर को प्रसारित होगा। दर्शकों को उत्साहित करने और उत्सुकता बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने नया प्रोमो शेयर कर उनका ध्यान अपने शो की ओर खींच लिया है। वरुण धवन फिल्म सिटाडेल हनी बनी निर्देशक राज और डीके के साथ कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 दिवाली एपिसोड की शोभा बढ़ाएंगे। प्रोमो की शुरुआत निर्देशक राज द्वारा होस्ट अमिताभ बच्चन से दिवाली की शुभकामना देने से होती है, क्या मैं आपसे दिवाली की शुभकामना के अलावा कुछ और मांग सकता हूं? वरुण धवन कहते हैं, सर, अग्निपथ का डायलॉग।

### अमिताभ बच्चन ने पूरी की वरुण धवन की ख्वाहिश

दर्शकों के उत्साहवर्धन के बीच बिग बी मुस्कुराते हैं और 1990 की फिल्म अग्निपथ का अपना मशहूर डायलॉग बोलते हैं, आज शाम 6 बजे अपुन का अप्वाइंटमेंट है मौत के साथ। ये सुन दर्शक तालियां बजाने लगते हैं और वरुण सीटी बजाते हैं। वहीं नेटिजन्स कमेंट सेक्शन में इस एपिसोड को देखने के लिए अपनी उत्सुकता दिखा रहे हैं। कई लोगों ने बिग बी को मशहूर डायलॉग बोलने के लिए वरुण धवन का शुक्रिया अदा किया। एक यूजर ने लिखा, मैं एपिसोड का इंतजार कर रहा हूं बहुत प्यारा लग रहा है। दूसरे ने कमेंट किया, एपिसोड के प्रसारित होने का इंतजार नहीं कर सकता।

### अमिताभ बच्चन संग वरुण धवन ने किया डांस

प्रोमो को कैप्शन के साथ अपलोड किया गया है, इस बुधवार, बिग बी करेंगे सबकी दिवाली विश पूरी बनके विजय दीनानाथ चौहान! देखिए #कौन बनेगा करोड़पति, 30 अक्टूबर की रात 9 बजे, सिर्फ #सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर। वहीं एक और प्रोमो में वरुण धवन बिग बी के क्लासिक ट्रैक शावा शावा और खाइके पान बनारस वाला पर डांस करते हुए दिखाई दे रहे हैं। अमिताभ बच्चन भी उनके साथ कदम से कदम मिलाते हुए दिखाई दे रहे हैं। कौन बनेगा करोड़पति 16 सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे सोनी टीवी पर प्रसारित होता है। मौजूदा सीजन का प्रीमियर 12 अगस्त को हुआ था। मौजूदा सीजन में शामिल होने वाले अन्य सेलिब्रिटी मेहमानों में आमिर खान और उनके बेटे जुनैद, श्रेया घोषाल और सोनू निगम, फराह खान और बोमन ईरानी शामिल हुए थे।

## बॉक्स ऑफिस पर पुष्पा 2 का धमाका




### रिलीज से पहले ही कर ली है 1085 करोड़ की कमाई

साउथ स्टार अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पा 2 : द रूल इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक है. पुष्पराज के रोल में अल्लू अर्जुन का फैंस बहुत ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी के साथ फिल्म अपने प्री-रिलीज बिजनेस को लेकर भी चर्चा में है। ये फिल्म रिलीज से पहले ही 1000 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई है। सैकनिल्क ने रिपोर्ट्स के हवाले से बताया है कि पुष्पा 2 के थिएट्रिकल राइट्स को 640 करोड़ में बेचा गया है। इस मोस्ट अवेटेड फिल्म ने अपने स्ट्रीमिंग राइट्स में भी बंपर कमाई की है। पुष्पा 2 के डिजिटल राइट्स नेटफ्लिक्स ने 275 करोड़ में खरीदे हैं। पुष्पा 2 सिनेमाघरों में 5 दिसंबर को रिलीज होगी। रिलीज से पहले प्री-बिजनेस में फिल्म ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में 220 करोड़ की कमाई कर ली है। वहीं, उत्तर भारत में 200 करोड़, तमिलनाडु में 50 करोड़, कर्नाटक में 30 करोड़, केरल में 20 करोड़ और इंटरनेशनल मार्केट में 140 करोड़ कमाए हैं। पुष्पा 2 ने म्यूजिक राइट्स से भी की है बंपर कमाईअल्लू।अर्जुन की इस फिल्म के म्यूज़िक राइट्स 65 करोड़ में बिके हैं। वहीं सैटेलाइट राइट्स से भी मेकर्स ने 85 करोड़ कमाए हैं। इस फिल्म ने अपने नॉन-थियेट्रिकल राइट्स से 425 करोड़ कमाए हैं। पुष्पा 2 को सुकुमार ने डायरेक्शन किया है और ये माइथ्री मूवी मेकर्स प्रोड्यूस करने गई है। फिल्म में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल मुख्य किरदार में हैं। फिल्म का म्यूजिक टी-सीरीज ने दिया है. ऐसी रिपोर्ट्स हैं कि इस बार अभिनेत्री श्रद्धा कपूर भी आइटम सॉन्ग करती दिखेंगी।

## चुलबुल पांडे बनकर लौटेंगे सलमान

### रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स में कैमियो कन्फर्म, फिर होगा हुड़-हुड़ दबंग

अजय देवगन की सिंघम अगेन इस दिवाली सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसका ट्रेलर पिछले दिनों ही रिलीज किया गया था, जिसे दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स की पांचवीं फिल्म में कई बड़े कलाकार एक साथ काम करते नजर आएंगे। सिंघम अगेन में अजय देवगन और करीना कपूर के अलावा, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, दीपिका पादुकोण भी दिखाई देंगे। इस बीच ऐसे भी चर्चे थे कि सिंघम अगेन में सलमान खान भी कैमियो करते नजर आएंगे। उनके दबंग कैरेक्टर चुलबुल पांडे के पॉसिबल क्रॉसओवर ने उनके फैंस को उत्साहित कर दिया था। अब फिल्ममेकर रोहित शेट्टी ने भी इस खबर की पुष्टि कर दी है। अब ये कंफर्म हो गया है कि सलमान सिंघम अगेन में नजर आएंगे। सलमान खान होस्टेड रियेलिटी शो बिग बॉस 18 में अजय देवगन और रोहित शेट्टी अपनी फिल्म सिंघम अगेन को प्रमोट करने पहुंचे। इस दौरान सलमान ने कहा, अजय और रोहित आपका हमारे शो में स्वागत है। इसके जवाब में रोहित ने कहा, हमारे कॉप यूनिवर्स में आपका स्वागत है। अब डायरेक्टर के इस बयान से सबकुछ साफ होता नजर आ रहा है। सलमान के कैमियो को लेकर आ रही खबरों की मानें तो फिल्म में उनका सीक्वेंस करीब 2 मिनट लंबा होगा। कुछ दिन पहले अक्षय ने सोशल मीडिया पर एक फोटो भी पोस्ट की थी। अक्षय के इस फोटो के कैप्शन ने सिंघम अगेन में भी सलमान के होने का बड़ा हिंट दिया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा है, हम सब ने मिल के कि बहुत सी चुलबुल बातें। #सिंघमअगेन। इसके बाद माना जा रहा है कि चुलबुल पांडे सिंघम को सपोर्ट करने आ रहे हैं। फिल्म में अक्षय भी सूर्यवंशी के अपने किरदार में नजर आएंगे, जबकि रणवीर सिंबा के अपने किरदार को दोहराएंगे।



# फांसी पर लटके मिले युवक की मौत का मामला गरमाया

## कांग्रेस ने पुलिस कस्टडी में युवक की मौत पर उठाया सवाल



**» कहा...पुलिस की पिटाई से हुई है मौत...**

**» सीएम साय ने कांग्रेस नेताओं को दी ये सलाह...**

**रायपुर, 27 अक्टूबर 2024 (ए)।** सरगुजा के बलरामपुर में युवक की पुलिस कस्टडी में फांसी से लटकी लाश मिलने के बाद हुए बवाल के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज एक दिन पूर्व ही वहां पहुंचे और मृतक के परिजनों से मुलाकात की। रायपुर लौटने के बाद कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में पत्रकार वार्ता का संबोधित करते हुये दीपक बैज ने कहा कि इस घटना को लेकर पुलिस का दावा है कि गुरुचरण की मौत बाथरूम में फांसी लगाने से हुई है, जबकि सारे तथ्य बताते हैं कि युवक गुरुचरण मंडल की मौत पुलिस की पिटाई से हुई है।

### बैज ने पूछे ये सवाल

दीपक बैज ने मीडिया के समक्ष तथ्यों को रखते हुए कुछ सवाल पूछे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को पुलिस 24 घंटे से अधिक समय तक हिरासत में नहीं रख सकती। गुरुचरण मंडल, उनके पिता तथा एक अन्य को चार दिनों तक थाने में हिरासत में क्यों रखा गया? उन्हें 24 घंटे के भीतर कोर्ट में क्यों प्रस्तुत नहीं किया गया?बैज ने कहा कि मृतक के पास टॉवेल (तौलिया) कहां से आया जबकि उसके पिता का कहना है उसके पास कोई टॉवेल नहीं था? मृतक के शरीर का पंचनामा परिजनों व परिचितों के सामने क्यों नहीं किया गया? मृतक के परिजन शव को दफनाने की मांग कर रहे थे, मगर पुलिस उसे जलाना क्यों चाहती थी, हालांकि बाद में दबाव के कारण शव को दफनाया गया। मृतक के शव को थाने से अस्पताल ले जाते समय उसके पिता ने देखा जरूर, लेकिन उसकी मौत की जानकारी थाने में उनको क्यों नहीं दी गई ?

### कांग्रेस पार्टी ने की ये मांग

कांग्रेस पार्टी ने यह मुद्दा उठाते हुए मांग की है कि इस मामले की उच्च न्यायालय के जज की निगरानी में जांच कराई जाये। इस पूरे मामले में पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी तथा टीआई की भूमिका संदिग्ध है, उन सबके खिलाफ तत्काल कार्यवाही की जाये। मृतक के शरीर का डॉक्टरों का दल बना कर फिर से पोस्टमार्टम कराया जाये।मृतक के परिवार को 1 करोड़ मुआवजा दिया जाये। प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था की नैतिक जिम्मेदारी लेकर मुख्यमंत्री इस्तीफा दें और गृह मंत्री को बर्खास्त किया जाये।

### कांग्रेस छेड़ेगी जन आंदोलन

दीपक बैज ने बताया कि बलरामपुर की घटना को लेकर कांग्रेस पार्टी आज 27 अक्टूबर को सभी जिला मुख्यालयों में पुतला दहन करेगी, 28 अक्टूबर को सभी जिला कांग्रेस कमेटी में पत्रकारवार्तायें होंगी तथा 3 नवंबर को प्रदेश के सभी जिलों में धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

### गुमशुदा के मामले में पूछताछ के नाम पर प्रताड़ना



दीपक बैज ने बताया कि मृतक गुरुचरण मंडल,जिसकी पत्नी 29 सितंबर को लापता हो गई थी। इसकी शिकायत दर्ज होने के बाद गुरुचरण मंडल को उसके पिता के साथ पूछताछ के लिए पुलिस स्टेशन बुलाया गया था। मृतक के परिजनों का कहना है कि पुलिस ने 4 दिनों से उसे तथा उसके पिता को थाने बुलाया तथा उन्हें थाने में हिरासत में रखा था। गुरुचरण मंडल के पिता का कहना है कि पिछले 20 दिनों से मेरी बहू लापता है और मैं अपने बेटे के साथ तीन दिनों तक हिरासत में रहा। पुलिस ने हमें बेरहमी से पीटा। बलरामपुर पुलिस की वजह से मैंने अपने बेटे को खो दिया।

### सीएम साय ने दी संयम बरतने की सलाह



कस्टोडियल डेथ को लेकर पीसीसी चीफ दीपक बैज और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत के बयान पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जवाब दिया है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं को संयम बरतने की सलाह देते हुए कानून को अपने हाथ में नहीं लेने कहा है। उन्होंने बलरामपुर की घटना को लेकर कहा कि महिला गायब हुई थी। उसके पति को पूछताछ के लिए बुलाए थे। इस मामले पर जांच की जा रही है कि मामला क्या है मुख्यमंत्री साय ने नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के बयान का भी जवाब दिया और कहा, कांग्रेस के जो बड़े नेता हैं, उन्हें संयम से काम लेना चाहिए और कानून को अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। कानून है, सरकार है और कानून जो बोलेगा, उसी के आधार पर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रदेश में हो रही घटनाओं पर कांग्रेस के जोर देने पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बार-बार ऐसे प्रयास करती है, यह उनके विषय हैं।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### आईएएस सुबोध सिंह को इस्पात मंत्रालय में मिली नई जिम्मेदारी



**रायगढ़,27 अक्टूबर 2024 (ए)।** भारत की मंत्रिमंडलीय नियुक्ति समिति ने 26 अक्टूबर को जारी एक आदेश में सात अधिकारियों की नई नियुक्तियां दी हैं। सारंगढ़ को मिलाकर अविभाजित रायगढ़ जिले के कलेक्टर रहे सुबोध कुमार सिंह का नाम भी नई नियुक्तियों की सूची में शामिल है। वरिष्ठ आईएएस सुबोध कुमार सिंह को मिनिस्ट्री ऑफ़ स्टील में अतिरिक्त सचिव और वित्त सलाहकार बनाया गया है। सुबोध कुमार सिंह 1997 बैच के छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस हैं।

### बंद हुई रायपुर-जगदलपुर एयर कनेक्टिविटी मगर



**अब इस रूट के लिए मिलेगी नियमित उड़ान**

**रायपुर, 27 अक्टूबर 2024 (ए)।** विंटर शेड्यूल में यात्रियों को नई फ्लाइट सेवा का इंतजार था, लेकिन इसके विपरीत रायपुर-जगदलपुर की एयर कनेक्टिविटी समाप्त कर दी गई है। इंडिगो ने घाटे का हवाला देते हुए सोमवार, मंगलवार, गुरुवार और शुक्रवार को संचालित होने वाली यह उड़ान 28 अक्टूबर से बंद करने की घोषणा की है। विंटर शेड्यूल के पहले दिन से रायपुर से चेन्नई और पुणे के लिए नियमित उड़ान सेवा शुरू हो रही है। पहले ये उड़ानें सप्ताह में तीन से चार दिन ही उपलब्ध थीं, लेकिन अब इन्हें रोजाना संचालित किया जाएगा। इससे यात्रियों को अधिक सुविधा और लचीलापन मिलने की उम्मीद है।

### पूर्व सांसद ने भालू को खिलाया नारियल



**कांकेर,27 अक्टूबर 2024 (ए)।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें पूर्व सांसद मोहन मंडावी भालू को नारियल खिलाए। दरअसल पूर्व सांसद मंडावी पूजा-अर्चना करने गोटीटोला गांव के शिव मंदिर पहुंचे थे, तभी उनके सामने अचानक भालू आ गया। इस दौरान पूर्व सांसद ने भालू को नारियल नारियल खिलाया। बताया जा रहा कि यह भालू रोज इस गांव में आता है. हालांकि यह भालू अब तक किसी भी इंसान पर हमला नहीं किया है।

# एसी ब्लास्ट में दम घुटने से दो की हुई मौत

**» ऑटोमेटिक सिस्टम से दरवाजे हो गए लॉक...**

**रायपुर, 27 अक्टूबर 2024 (ए)।** राजधानी रायपुर के देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र में एक भयावह हादसा हुआ, जिसमें दो लोगों की जान चली गई। यह हादसा देवेंद्र नगर सेक्टर-1 में भूपेंद्र जैन के मकान में रात करीब 8 बजे हुआ। प्रथम तल पर स्थित एक किराए के मकान में चल रहे ऑटोमेशन आर्ट नामक होम इंटीरियर डिजाइन के ऑफिस में आग लग गई। प्रारंभिक जांच के अनुसार, आग लगने का कारण एयर कंडीशनर में शॉर्ट सर्किट से हुआ विस्फोट बताया जा रहा है, जिससे ऑफिस में आग फैल गई। इस दुखद घटना में ऑटोमेशन आर्ट के संचालक आरिफ मंसूर खान और उनकी महिला सहकर्मी मशरत खान उर्फ मुस्कान बुरी तरह झुलस गए। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस बल मौके पर पहुंचे, जिन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, दोनों घायलों को तुरंत अंबेडकर अस्पताल भेजा गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### हाई-टेक्नोलॉजी बना जानलेवा ?

सूत्रों के अनुसार, घटना के समय दरवाजा ऑटोमेटिक सिस्टम से लॉक था, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि दोनों ने बाहर निकलने की कोशिश की होगी, लेकिन हाई-टेक ऑटोमेटिक सिस्टम से दरवाजा लॉक होने के कारण वे बाहर नहीं निकल सके। दरवाजा न खुल पाने के कारण दोनों भीतर फंस गए और ऑफिस में तेजी से फैलते धुएं के कारण दम घुटने से उनकी मौत हो गई। प्रारंभिक जांच से यह भी सामने आया है कि आरिफ का ऑफिस पूरी तरह से ऑटोमेटिक सिस्टम से संचालित था, जिसमें बाहरी आवाज अंदर नहीं आती थी। पूरा ऑफिस मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के माध्यम से संचालित होता था, जो हादसे में एक बड़ा कारक साबित हुआ।




### धमाके के बाद उठीं आग की लपटें

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ऑफिस के अंदर से एक जोरदार धमाके की आवाज आई, जिसके बाद आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं। स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी और अपनी ओर से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तेजी इतनी अधिक थी कि उसे काबू में लाना मुश्किल हो गया। अजय कुमार, सिविल लाइन पुलिस थाने के सीएसपी, ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए कहा, दो लोगों की मौत हुई है। फिलहाल, आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। फॉरेंसिक, बिजली विभाग और पुलिस की टीम घटना की जांच कर रही है। सभी संभावित पहलुओं पर ध्यान दिया जा रहा है।

### आरिफ खानः भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री

इस घटना से देवेंद्र नगर क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। बताया जा रहा है कि आरिफ खान, जो सेजबहार के निवासी थे, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री भी थे। पुलिस का मानना है कि आग लगने का प्राथमिक कारण एयर कंडीशनर में शॉर्ट सर्किट हो सकता है, लेकिन विस्तृत जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल, पुलिस और फायर विभाग इस दुर्घटना की गहनता से जांच कर रहे हैं ताकि आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

# प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

**» कहा साइबर क्राइम से जनता को बचाने का मोदी जी का वक्तव्य प्रशंसनीय..डिजिटल अरेस्ट का कानून में कोई प्रावधान नहीं : विष्णु देव साय**




**रायपुर, 27 अक्टूबर 2024 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' की 115वीं कड़ी का प्रसारण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार को राजधानी के सिविल लाइन मंडल द्वारा पूज्य कंधकोट भवन में आयोजित कार्यक्रम में सुना। इस मौके पर साय ने प्रसारण के बाद इन दिनों हो रही साइबर ठगी से सावधान रहने की अपील की। साय ने कहा कि साइबर ठगी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश को अलर्ट किया है। साइबर ठगी करने वाले लोग ठगी के शिकार व्यक्ति की पूरी कुंडली निकाल लेते हैं और फोन करके ऐसे बात करते हैं कि लोग उसे सच मान लेते हैं। आज साइबर ठगी के पढ़े-लिखे लोग भी शिकार हो रहे हैं। लोगों का करोड़ों रुपए चला जाता है, जिसके चलते लोग आत्महत्या करने को विवश हो जाते हैं। हमे इससे बचने की जरूरत है।बढ़ते साइबर अपराधों से जागरूक करने मा.प्रधानमंत्री जी का मन की बात का उद्बोधन जनता के लिए बेहद उपयोगी है।

# 2 हजार करोड़ के शराब घोटाला मामले में प्रिज्म कंपनी का एकाउंटेंट गिरफ्तार

**रायपुर, 27 अक्टूबर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में 2000 करोड़ रुपए से अधिक के शराब घोटाले के सिलसिले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने एक बड़ी गिरफ्तारी करते हुए प्रिज्म होलोग्राफी एंड सिक्योरिटी प्रा. लि. के एकाउंटेंट सुनील दत्त को गिरफ्तार किया. आरोपी को स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 28 अक्टूबर तक कस्टोडियल रिमांड पर भेज दिया गया है। जांच में सामने आया है कि सुनील दत्त ने 2019 से 2022 के बीच नोएडा स्थित कंपनी के मुख्यालय पर नकली होलोग्राम का लेखा-जोखा रखा और असली होलोग्राम के साथ गलत तरीके से डुप्लीकेट होलोग्राम रायपुर भेजे। एसीबी और ईओडब्ल्यू की जांच में पाया गया कि जब्त परिवहन के बिलों पर सुनील दत्त के हस्ताक्षर थे, जिसमें डुप्लीकेट होलोग्राम की संख्या और अन्य विवरण शामिल थे. पूछताछ के दौरान उनका नाम सामने आया, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया. एफआईआर के अनुसार, नोएडा स्थित प्रिज्म होलोग्राफी एंड सिक्योरिटी फर्म को छत्तीसगढ़ के एक्साइज डिपार्टमेंट द्वारा अवैध रूप से होलोग्राम की आपूर्ति के लिए टेंडर दिया गया था, जबकि कंपनी टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने के लिए योग्य नहीं थी. आरोप है कि आबकारी विभाग के अधिकारियों ने शर्तों में संशोधन कर कंपनी के मालिक से प्रति होलोग्राम 8 पैसे का कमीशन लिया. इसके परिणामस्वरूप, छत्तीसगढ़ में सरकारी दुकानों से अवैध देसी शराब की बोतलें बेचने के लिए बेहिसाब डुप्लीकेट होलोग्राम लिए गए।






आरोपी – सनील दत्त

# छत्तीसगढ़ में एनईपी का असर, अब यूजी फर्स्ट ईयर में सेमेस्टर

**» इंटर्नल व रजिस्ट्रेशन की अनिवार्य होगा...**

**रायपुर,27 अक्टूबर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ समेत देशभर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू हो गई है। इसी के हिसाब से क्रमशः सभी जगह व्यवस्था भी बनाई जा रही है। इस बीच, यूजी फर्स्ट में इस बार एनईपी तहत कई बदलाव हुए हैं। एनुअल की जगह सेमेस्टर प्रणाली लागू हुई है। इंटर्नल एग्जाम होंगे। इसके अलावा प्राइवेट छात्रों के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया है। इससे पिछली बार की तुलना में प्राइवेट छात्रों की संख्या कम हुई है। बीए में साढ़े आठ हजार छात्र घटे हैं। फर्स्ट ईयर के लिए पंजीयन की तारीख 20 अक्टूबर को समाप्त हो गई है।राष्ट्रीय शिक्षा नीति यूजी में चरणबद्ध तरीके से लागू हो रही है। अगले साल सेकंड ईयर और फिर थर्ड ईयर में लागू होगी। इससे माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में यूजी में प्राइवेट छात्रों की संख्या कम हो जाएगी। प्राइवेट छात्रों की संख्या कम होने स्थिति सिर्फ पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में नहीं है। अन्य राजकीय विवि में भी यूजी फर्स्ट ईयर में प्राइवेट छात्रों की संख्या कम हुई है। पिछली बार इन विवि में बीए, बीकॉम, बीएससी तीनों वर्ष में प्राइवेट छात्रों की संख्या डेढ़ लाख से अधिक थी। ज्यादातर छात्र फर्स्ट ईयर के थे। इस बार संख्या कम हुई है।





# कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा जुटे सघन जनसंपर्क में

**रायपुर, 27 अक्टूबर 2024 (ए)।** दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के युवा प्रत्याशी आकाश शर्मा सुबह से ही प्रचार कार्य में जुट जाते हैं। इस दौरान उनके साथ कार्यकर्ता और वरिष्ठ नेता भी नजर आते हैं। आकाश ने आज विपिन बिहारी सुर वार्ड एवं सिविल लाइन वार्ड में जनसंपर्क एवं दौरा कार्यक्रम किया। उन्होंने कांग्रेस के वार्ड अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, पार्षद एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के साथ आम लोगों से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी का पार्टी समर्थकों ने स्वागत किया फूल माला पहनाकर वार्ड की हर गलियों में घुमाया।दक्षिण विधानसभा प्रत्याशी आकाश शर्मा के साथ पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा और निगम सभापति प्रमोद दुबे भी प्रचार के दौरान मौजूद रहे।

# दंतेवाड़ा के हॉस्पीटल में बड़ी लापरवाही



### मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद 10 मरीजों की हालत बिगड़ी

**रायपुर, 27 अक्टूबर 2024 (ए)।** दंतेवाड़ा के जिला अस्पताल में एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। ऑपरेशन थियेटर में मेडिकल प्रोटोकॉल का ठीक से पालन न होने के कारण मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बाद 10 मरीजों की हालत गंभीर हो गई है। यह मरीज फंगस प्रभावित ओटी में ऑपरेशन के बाद राजधानी रायपुर के मेकाहारा अस्पताल रेफर किए गए। दंतेवाड़ा जिला अस्पताल में 20 नेत्र रोगियों की सर्जरी की गई। अगले दिन मरीजों ने आंखों में तकलीफ की शिकायत की। हालांकि, अस्पताल प्रबंधन ने इस गंभीर स्थिति की सूचना उच्चाधिकारियों को नहीं दी और हालात बिगड़ने लगे।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)